

स्पिरिट की शूटिंग मई में होगी शुरू 4


Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, शनिवार, 01.02.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 279 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## केजरीवाल के सात विधायकों का इस्तीफा



**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से 5 दिन पहले आम आदमी पार्टी (आप) के 7 मौजूदा विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी ने विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने और आप में भ्रष्टाचार को इस्तीफे की वजह बताई। महरौली से 2 बार के पार्टी विधायक नरेश यादव ने कहा कि आप का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था। लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई, बल्कि आप ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है। रोहित महरौली ने कहा, अरविंद केजरीवाल की गलत नीतियों के कारण ही मैंने पार्टी से इस्तीफा दिया है। मुझे किसी ने ऐसा करने से नहीं रोका। पार्टी के सीनियर नेताओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। आप ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग होना है। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा।

# सोनिया गांधी की टिप्पणी पर मचा बवाल, राष्ट्रपति भवन ने आपत्ति जताई

### » राष्ट्रपति के भाषण पर टिप्पणी में सोनिया ने कहा बेचारी » भाजपा ने बताया अपमाजनक टिप्पणी

**जनमार्ग न्यूज**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र की शुरुआत एक नए विवाद के साथ हुई। दरअसल, कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर टिप्पणी करते हुए उन्हें बेचारी कह दिया। 66 वर्षीय राष्ट्रपति पर की गई इस टिप्पणी को भाजपा ने अपमानजनक टिप्पणी करार दिया। भाजपा ने सोनिया गांधी





की टिप्पणी की निंदा की है। बीजेपी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि यह अत्यंत असम्मानजनक है तथा यह सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के प्रति विपक्ष की उपेक्षा को रेखांकित करता है। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, दुर्भाग्य से यह पहली घटना नहीं है, जब कांग्रेस ने इस तरह की हरकत की हो। राष्टपति जब मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाल रही थीं, तब अपनी सामंती मानसिकता से प्रेरित विपक्ष पिछड़े वर्गों और महिलाओं के सशक्तिकरण का मजाक उड़ाने लगा।' नड्डा ने कहा कि जानबूझकर ऐसे शब्दों बेचारी का प्रयोग करना कांग्रेस पार्टी की अभिजात्यवादी, गरीब-विरोधी और आदिवासी-विरोधी प्रकृति को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि विपक्षी पार्टी बिना शर्त माफी मांगे। भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार ने कहा कि कांग्रेस की सामंती मानसिकता इस बात को पचा नहीं पा रही है कि एक आदिवासी महिला देश की राष्टपति बनी है। मजूमदार ने कहा, यह एक अपमानजनक टिप्पणी थी। सोनिया गांधी और राहुल गांधी जैसे नेताओं को इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, खासकर राष्टपति पर। द्रौपदी मुर्मू एक आदिवासी परिवार से हैं और अब वह हमारे देश की सर्वोच्च नागरिक हैं और यह बात कांग्रेस की जमींदारी मानसिकता को स्वीकार नहीं है। इसीलिए वे उनके भाषण का विरोध कर रहे हैं।

## राजस्थान में नई आबकारी पॉलिसी लागू

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने नई आबकारी पॉलिसी जारी की है। इस पॉलिसी में सरकार ने होटल बार के नियमों में राहत दी है। नई पॉलिसी के तहत अब होटल बार खोलने के लिए 20 कमरों के बजाए 10 कमरों की जरूरत होगी। वहीं, बार के लिए लाइसेंस लेना भी आसान होगा। आवेदन ऑनलाइन करने के बाद वह ऑटो अप्रूव होगा। इसके साथ ही पुरानी नीति के तहत बल्क में दुकानें भी देने का प्रावधान नई पॉलिसी में रखा है। नई पॉलिसी के नियम मार्च 2029 तक के लिए लागू किए गए हैं। समूहवार में एकाधिकार को रोकने के लिए पूरे स्टेट में 5 समूह की सीमा निर्धारित की है। इसके तहत कई बड़े ग्रुप शेष रही अधिकतम 5 दुकानों को एकसाथ खरीद सकेंगे।

## विधानसभा से अपशकुन दूर करने वास्तुविदों की सलाह ली : स्पीकर



● कांग्रेस एमएलए भाकर का निलंबन खत्म

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान गोविंद सिंह डोटासरा बोलने लगे तो हरिभाऊ बागड़े ने भी उन्हें तल्ख अंदाज में जवाब दिया। अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने पिछली कांग्रेस सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन घोटाले से देश में राजस्थान की साख खराब हुई है। अभिभाषण के बाद कांग्रेस एमएलए मुकेश भाकर का निलंबन समाप्त कर दिया गया है। वहीं, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा से अपशकुन दूर करने के लिए वास्तुविदों का सहारा लिया गया है, इस आधार पर कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही 3 फरवरी तक के लिए स्थगित हो गई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने बाड़मेर जिले के तामलोर गांव के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि बाड़मेर जिले के तामलोर गांव में मैं गया था। वहां एक झोपड़े के पास प्रधानमंत्री आवास बना था। वहां मैंने नल खोला तो देखा पानी आ रहा है तो मैंने पूछा कि पानी कहां से आया। लोगों ने बताया कि पानी सरदार सरोवर से आया है। 800 किलोमीटर से पानी आया है, तो यह अच्छी बात है। मैं अभिनंदन करता हूं। राज्यपाल ने तीखे अंदाज में डोटासरा को जवाब देते हुए कहा- जनजाति हितों से जुड़ी समिति मेरे विभाग में आती है और उसकी बैठक करना मेरी जिम्मेदारी है, मेरी ड्यूटी है। मैं हर जिले में जाऊंगा और वहां बैठकर करूंगा। विधानसभा में 200 विधायक कभी भी एक साथ नहीं होने के संयोग को तोड़ने के लिए वास्तु का सहारा लेने का जिक्र विधानसभा में आया।

## कोहरे के चलते ट्रक ने मवेशियों को कुचला



**जनमार्ग न्यूज**

**चूरू।** राजस्थान के चूरू के रतनगढ़ के लोहा गांव के पास मेगा हाईवे पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण एक ट्रक ने सड़क पार कर रहे मवेशियों को कुचल दिया, जिससे 12 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई और 8 अन्य घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब गांव का हजारीमल रोजाना की तरह अपने मवेशियों को लेकर खेत की ओर जा रहा था। रतनगढ़ से सुजानगढ़ की तरफ जा रहे ट्रक के चालक को घने कोहरे के कारण सड़क पार कर रहे मवेशी नजर नहीं आए और वे ट्रक की चपेट में आ गए।

## पुलिस ने पकड़ी 60 लाख की शराब



● 830 कार्टन से भरा ट्रक जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज**

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण की ओसियां थाना पुलिस ने अवैध शराब को लेकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक ट्रक से 830 कार्टून अवैध शराब बरामद की है। पंजाब निर्मित अवैध शराब की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 60 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक ट्रक को भी बरामद किया गया है। वहीं आरोपी से अवैध शराब तस्करी को लेकर पूछताछ की जा रही है। ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि ओसियां थाना पुलिस की ओर से अवैध शराब तस्करी को लेकर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक को रुकवाया गया। पूछताछ में ड्राइवर ने ट्रक में आलू के कट्टे होना बताया। शक होने पर ट्रक की तलाशी ली गई। इस दौरान ट्रक के अंदर अवैध शराब मिली।

## प्रिंसीपल और कंप्यूटर ऑपरेटर रिश्वत लेते गिरफ्तार

● बाबा मस्तनाथ बीएड कॉलेज में भ्रष्टाचार का खेल

● फॉर्म जमा करने के मांगे थे 10 हजार

**जनमार्ग न्यूज**

**हनुमानगढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) हनुमानगढ़ की टीम ने शुक्रवार को एक निजी कॉलेज के प्रिंसिपल और कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई हनुमानगढ़ जिले के गांव थेड़ी गंगानी स्थित बाबा मस्तनाथ बीएड कॉलेज में की गई। एसीबी टीम को सूचना मिली थी कि कॉलेज के प्रिंसिपल रामावतार और कंप्यूटर ऑपरेटर करण ने एक अभ्यर्थी से बीएड के फार्म को विश्वविद्यालय में जमा करने और अन्य संबंधित कार्यों के लिए 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने एक जाल बिछाया और शुक्रवार को कॉलेज में एक ट्रेप ऑपरेशन किया। जैसे ही प्रिंसिपल रामावतार और कंप्यूटर ऑपरेटर करण ने रिश्वत की राशि को स्वीकार किया, एसीबी टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एसीबी की टीम ने आरोपियों से पांच हजार रुपए की रिश्वत राशि भी बरामद की। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसीबी के डीआईजी राजेश सिंह के निर्देशन में एएसपी पवन मीणा और डीएसपी नरेश गेरा ने किया। घटनास्थल पर कार्रवाई के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क था और मामले की गहन जांच जारी थी। एसीबी टीम ने आरोपियों से पूछताछ पूरी कर अग्रिम कार्रवाई करेगी। एसीबी हनुमानगढ़ चौकी को एक शिकायत इस आशय की मिली थी कि प्राचार्य रामावतार द्वारा बीएड के ऑफलाईन फार्म जमा करवाने की एवज में यूनिवर्सिटी के नाम से परिवादी से छात्र को रिश्वत मांग कर परेशान कर रहा है। जानकारी के अनुसार छात्र से 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी।जिस पर एसीबी के उपमहानिरीक्षक पुलिस राजेशसिंह के सुपरविजन में एसीबी हनुमानगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में आज इंस्पेक्टर श्रीमती शालू बिश्नोई ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए रामावतार प्राचार्य और कंप्यूटर ऑपरेटर करण कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया।



## हेड कॉन्स्टेबल को धक्का देकर थाने से भागा बदमाश

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** जयपुर के संजय सर्किल पुलिस स्टेशन से एक क्रिमिनल के भागने का मामला सामने आया है। टॉयलेट के लिए हवालात से बाहर निकलने पर पुलिसकर्मी को धक्का देकर भाग गया। पुलिस टीम की पकड़ से बचने के लिए दीवार से कूदने पर उसका पैर टूट गया। पुलिस टीम ने थाने से भागे क्रिमिनल को पकड़ कांवटिया हॉस्पिटल में इलाज कराया, उसके के बाद उसे अरेस्ट कर लिया है। एसएचओ (संजय सर्किल) हरिओम सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले संजय सर्किल थाना पुलिस ने डकैती की प्लानिंग करते छह बदमाशों को अरेस्ट किया था। गिरफ्तार बदमाशों में मुमताज अली (21) निवासी कटिहार बिहार हाल पेंटर कॉलोनी शास्त्री नगर भी था। बुधवार सुबह करीब 4.45 बजे टॉयलेट के लिए हवालात से मुमताज अली को बाहर निकाला गया।

# सिरसा से कल नाम दान देगा राम रहीम

● देशभर में ऑनलाइन होगा कार्यक्रम

● 30 दिन की पैरोल पर बाहर

**जनमार्ग न्यूज**

**सिरसा।** डेरा प्रमुख राम रहीम पैरोल पर आने के बाद हरियाणा के सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा से ऑनलाइन सत्संग में डेरा प्रेमियों को सत्संग सुना रहा है। इसी कड़ी में कार्यक्रम को विस्तार देते हुए अब डेरा प्रमुख की ओर से 2 फरवरी को नाम दान कार्यक्रम का आयोजन होगा। नाम दान कार्यक्रम में डेरा प्रमुख ऑनलाइन शामिल होंगे। ऑनलाइन ही नाम लेने वालों को नाम की दीक्षा दी जाएगी। नाम दान कार्यक्रम का



समय सुबह 10 बजे का रखा गया है। गौरतलब है कि साध्वी यौन शोषण और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में 20 साल की सजा काट रहा डेरा प्रमुख राम रहीम 30 दिन की पैरोल पर बाहर आया था। हर बार उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में स्थित बरनावा आश्रम में ठहरता था जबकि इस बार उसे सिरसा डेरे आने की इजाजत मिली। 28 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे डेरा प्रमुख सिरसा डेरे पहुंच गया था। यहां डेरा प्रमुख के 10 दिन रुकने की संभावना है। इन दस दिनों में से चार दिन बीत चुके हैं। डेरा सच्चा सौदा की साध संगत की ओर से शुक्रवार को जनवरी महीने के भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन डेरे की ओर से देशभर में बनाए गए मानवता भलाई केंद्रों में हुआ। इस दौरान साध संगत की ओर से डेरे के दूसरे गद्दीनशीन शाह सतनाम महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान एलईडी पर डेरा प्रमुख को लाइव दिखाया गया। कार्यक्रम में हनीप्रीत भी मौजूद रही। दरअसल, यह भंडारा हर साल 25 जनवरी को लगता है, लेकिन इस बार 31 जनवरी का दिन निर्धारित किया गया। डेरा प्रमुख ने लाइव कार्यक्रम में डेरा अनुयायियों को मानवता भलाई के कार्यों में जुटे रहने का संदेश दिया।

# संशोधित परिणाम से चयनित शिक्षकों की नियुक्ति प्रभावित नहीं

● हाईकोर्ट ने चयनित याचिकाकर्ताओं को दी राहत ● तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती का परिणाम हुआ था संशोधित

**जनमार्ग न्यूज**

**जयपुर।** हाई कोर्ट ने तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती-2022 में लेवल-2 में चयनित अभ्यर्थियों को राहत दी है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर की बैंच ने कहा कि चयनित याचिकाकर्ता संशोधित परिणाम से प्रभावित नहीं होंगे। अदालत ने यह अंतरिम आदेश विनेश कुमार और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाओं में कहा गया था कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 27 जनवरी को भर्ती का संशोधित परिणाम जारी किया था। जिससे याचिकाकर्ता मैरिट से बाहर हो गए। अगर परिणाम संशोधित हुआ है तो इसमें पूरी तरह से गलती



कर्मचारी चयन बोर्ड की है। उन्हें मैरिट में आने पर करीब 18 महीने पहले नियुक्तियां मिली थी। अब उन्हें नहीं हटाया जा सकता हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 16 दिसम्बर 2022 को भर्ती निकाली थी। लिखित परीक्षा के बाद मैरिट में आने वाले अभ्यर्थियो को नियुक्ति दी गई। इस बीच कई अभ्यर्थी कुछ विवादित सवालों को लेकर हाई कोर्ट पहुंचे। हाई कोर्ट की एकलपीठ ने 28 नवम्बर 2023 को एक्सपर्ट कमेटी से विवादित प्रश्नों की जांच करवाने के बाद संशोधित परिणाम जारी करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने भी एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखा। एक्सपर्ट ने कई विवादित सवालों के जवाब बदल दिए। जिससे संशोधित परिणाम में याचिकाकर्ता मैरिट से बाहर हो गए। लेकिन अगर नियुक्ति पा चुके याचिकाकर्ताओं को हटाया जाता है तो यह उनके मौलिक अधिकारो का हनन होगा। याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई भी विभागीय जांच लंबित नहीं है एवं बिना किसी विभागीय जांच के याचिकाकर्ताओं को हटाना असंवैधानिक हैं। जिस याचिका में अदालत ने संशोधित परिणाम जारी करने का आदेश दिया था।

# सम्पादकीय

## दूर की कौड़ी

विमानन कंपनियों के विस्तार और सस्ते हवाई टिकट के वादे के बाद उम्मीद जगी थी कि कम आय वर्ग से आने वाला आम आदमी भी जरूरत पड़ने पर विमान यात्रा कर सकेगा। रेलगाड़ियों में असुविधाओं, टिकट के दाम और उनकी उपलब्धता की स्थिति में उसे एक विकल्प मिलेगा। मगर प्रीमियम किराए का दौर शुरू होते ही और मांग तथा पूर्ति में असंतुलन की आड़ में मनमानी होने लगी। आसमान छूते विमान किराए ने आम आदमी को फिर से जमीन पर उतार दिया। अब एक बार फिर हवाई सफर ज्यादा समर्थ लोगों की ही पहुंच में सिमटता जा रहा है। प्रमुख त्योहारों के समय, शादियों के मौसम में या छुट्टियों के दौरान कहीं जाने वालों से मुनाफाखोरी होने पर भी नागर विमानन मंत्रालय आंखें मूंदे रहता है। नतीजा यह कि यात्रियों के हितों को नजरअंदाज करते हुए ज्यादातर कंपनियां अंतिम समय में बेहिसाब किराया बढ़ा देती हैं। जबकि कई बार कुछ लोग आपात स्थिति और मजबूरी में भी आखिर में विमान यात्रा का विकल्प चुनते हैं। हैरत है कि सरकार न तो हस्तक्षेप करती है और न ही कोई दिशा-निर्देश जारी करती है। जाहिर है, विमानन कंपनियों के इस तरह मुनाफा कमाने पर कोई लगाम नहीं है। कुंभ के दौरान जिस तरह से किराए में भारी उछाल आया है, उस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। देर से ही सही, सरकार हरकत में आई है। उसके निर्देश के बाद एक विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने अपने किराए में तीस से पचास फीसद तक कटौती कर दी। इससे यही लगता है कि किराया वसूलने के मामले में विमानन कंपनियां किस तरह की मनमानी करती हैं। हाल ही में लोक लेखा समिति की बैठक में आसमान छूते हवाई किराए पर गहरी चिंता जताई गई थी। मांग आधारित किराए की व्यवस्था में जब तीन-चार हजार का टिकट अठारह या बीस हजार का हो जाए, तो हवाई सफर सपना ही बनने लगता है। मांग बढ़ने पर या अंतिम समय में टिकट चाहने वालों से मनमाना किराया वसूलने के पीछे आखिर क्या आधार होते हैं? सरकार भी विमान किराए में पारदर्शिता लाने, मनमानी और मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाने में विफल रही है। सवाल है कि जिन आधारों पर किराए बढ़ाए जाते हैं, उन्हें तर्कसंगत क्यों नहीं बनाया जाता!

# आस्था का आवेग बना हादसे का कारण

प्रचार का प्रभाव और पर्व विशेष में त्रिवेणी में डुबकी लगाने के उत्साह में मची भगदड़ में तीस लोग प्राण गंवा बैठे और करीब 60 लोग घायल हो गए। 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के स्नान का विशेष मुहूर्त था। करोड़ों लोग मुहूर्त की प्रतीक्षा की शुभ घड़ी में गंगा तट पर एकत्रित होते चले गए। यहीं रुके और चादर बिछाकर सो भी गए। फिर जब अर्धरात्रि में एक से दो बजे के बीच स्नान के लिए भीड़ का सैलाब उमड़ा तो रेत पर सोये लोगों की अनदेखी करते आगे बढ़े और लड़खड़ाकर एक-दूसरे पर गिरने लगे। इस उठापटक में संभलने का अवसर भी नहीं मिला और लोग हताहत होते चले गए। ऐसा नहीं था कि प्रशासन को इस तरह के संकट की आशंका न हो? क्योंकि पांच से लेकर 10 करोड़ लोगों के संगम में डुबकी लगाने की संभावना पूर्व से ही जताई जा रही थी। रात 9-10 बजे से ही यह अपील की जा रही थी कि लोग स्नान करते चलें और संगम स्थल से निकल जाएं। परंतु शुभ मुहूर्त के फेर में आस्थावान श्रद्धालु डटे रहे और सनातन के चरम पर पहुंचे कुंभ में अनहोनी घट गई। घटना से स्थितप्रज्ञ अधिकारियों का विवेक कुछ समझ ही नहीं पाया, नतीजतन आकस्मिक उपचार की सुविधाएं भी विलंब से पहुंची। साफ है, जब ऐसी परिस्थिति की आशंका थी, तब पहले से ही परिकल्पना करके उससे तत्काल निपटने के उपाय प्रशासन को संगम पर करने की जरूरत थी। वस्तुतः आस्था के अनियंत्रित आवेग में खोते हुए विवेक ने घटना को अंजाम दे दिया। यहां जरूरत थी कि भीड़ को मेले में प्रवेश ही एक तय संख्या के समूह में क्रम से दिया जाता। प्रशासन ने इसी मेले में गीता प्रेस के परिसर में आग लगने के बावजूद कोई सबक नहीं लिया।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला हर साल इस तरह के धार्मिक मेलों में देखने में आ रहा है। इसी प्रयाग के 2013 में संपन्न हुए कुंभ मेले में रेलवे स्टेशन पर बने पैदल पुल पर भगदड़ मचने से 42 लोगों की मौत हो गई थी। लेकिन प्रशासन ने इस घटना से कोई सबक नहीं लिया। 1954 में भी प्रयागराज के कुंभ में 3 फरवरी को मौनी अमावस्या पर भगदड़ मची और 800 लोग काल के गाल में समा गए। 1986 में हरिद्वार के कुंभ में वीआईपी दर्जे के लोगों को विशेष स्नान के लिए भीड़ रोक देने के कारण भगदड़ मची और 200 लोग मारे गए थे। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं घटती रहने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्मस्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अकसर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने



में चूकते दिखाई देते हैं। वस्तुतः कुप्रबंधन को लेकर विपक्ष को आयोजन में कमियां उजागर करने का मौका मिल गया। इस कुंभ की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की गई। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को कुंभ स्नान के लिए आमंत्रित किया गया। फलतः कौने-कौने से श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाने का मन बना लिया। नतीजा यह निकला कि जिसे जो आवागमन का साधन मिला, प्रयागराज की ओर चल दिया। जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ा कि परिवहन से लेकर प्रयाग में प्रबंधन के सभी साधन कम पड़ गए। करोड़ों की भीड़ को संभालने के लिए सात स्तरीय सुरक्षा प्रबंधों से लेकर जो भी आधुनिक तकनीकि उपाय किए गए थे, वे सब ध्वस्त हो गए। ऐसा मेले के विराट रूप में बदल जाने के कारण हुआ। ऐसे में भीड़ के अनुपात में यातायात और सुरक्षा के इंतजाम देखने में नहीं आते। जबकि शासन-प्रशासन के पास पिछले पर्वों के आंकड़े और अनुभव होते हैं। बावजूद लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल, कुंभ या अन्य मेलों में जितनी भीड़ पहुंचती है और उसके प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरूरत होती है, उसकी दूसरे देशों के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते? इसलिए हमारे यहां लगने वाले मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से नहीं ले सकते? बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने खासतौर से युरोपीय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे। प्रशिक्षण के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुण्ड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ जाती है। ऐसे में कोई महिला या बच्चा गिरकर अनजाने में भीड़ के पैरों तले रौंद दिया जाता है और भगदड़ मच जाती है। इस कुंभ में जहां केंद्रीय मंत्रीमंडल के मंत्री स्नान के लिए आते रहे, वहीं भाजपा शासित प्रदेश सरकारों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने भी वीआईपी घेरे में श्रद्धालुओं को परे करके डुबकी लगाई। यथार्थवाद से पलायन अंधविश्वास की जड़ता उत्पन्न करता है। भारतीय समाज में यह कमजोरी बहुत व्यापक और दीर्घकालीक रही है। पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं। धार्मिक स्थलों पर भीड़ बढ़ाने का काम मीडिया भी कर रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया भी टीआरपी के लालच में अहम भूमिका निभाता नजर आ रहा है। इस मीडिया के अस्तित्व में आने के बाद धर्म के क्षेत्र में कर्मकांड और पाखण्ड का आडंबर जितना बढ़ा है, उतना पहले कभी देखने में नहीं आया। यही मीडिया पाखंड के सार्वजनिक खुलासे के बाद मूर्तिभंजक की भूमिका में भी खड़ा हो जाता है। मीडिया का यही नाट्य रूपांतरण अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। श्रद्धालु हैं कि दर्शन, आस्था, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। इस तरह के खोखले दावों का दांव हर मेले में ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

रात 9-10 बजे से ही यह अपील की जा रही थी कि लोग स्नान करते चलें और संगम स्थल से निकल जाएं। परंतु शुभ मुहूर्त के फेर में आस्थावान श्रद्धालु डटे रहे और सनातन के चरम पर पहुंचे कुंभ में अनहोनी घट गई। घटना से स्थितप्रज्ञ अधिकारियों का विवेक कुछ समझ ही नहीं पाया, नतीजतन आकस्मिक उपचार की सुविधाएं भी विलंब से पहुंची। साफ है, जब ऐसी परिस्थिति की आशंका थी, तब पहले से ही परिकल्पना करके उससे तत्काल निपटने के उपाय प्रशासन को संगम पर करने की जरूरत थी। वस्तुतः आस्था के अनियंत्रित आवेग में खोते हुए विवेक ने घटना को अंजाम दे दिया। यहां जरूरत थी कि भीड़ को मेले में प्रवेश ही एक तय संख्या के समूह में क्रम से दिया जाता।

# बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान की बजट में उम्मीद

वर्ष 2025 के लिए केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाने वाला है, जिसमें आगामी वित्त वर्ष के लिए वैसे प्रावधान किए जाएंगे, जिनकी मदद से विकास को गति दी जा सके। साथ ही वंचित तबकों और किसानों की बेहतरी के लिए समुचित उपाय किया जा सके। देश के विकास को सुनिश्चित करने में विनिर्माण, निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल आदि क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन बैंकों की भूमिका इन सभी क्षेत्रों से ज्यादा महत्वपूर्ण रही है और ये इन सभी क्षेत्रों के विकास की दशा और दिशा को तय कर रहे हैं। बजट को उद्देश्यपरक और कारगर बनाने के लिए सभी महत्वपूर्ण हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं, जिसमें बैंक भी शामिल हैं। आजादी के बाद से ही देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में बैंक अहम भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि सरकार बैंकों को सशक्त बनाने वाले प्रावधान बजट में करे। जब बैंक मजबूत होंगे, तभी ये देश को भी आर्थिक रूप से सबल बना सकेंगे। आज बैंकों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या सस्ती पूंजी की कमी की है। मोटे तौर पर बैंक का काम ग्राहकों से जमा लेना और उसी जमा को जरूरतमंदों और कारोबारियों के बीच ऋण के रूप में वितरित करना है। बैंक जमा पर कम ब्याज देते हैं और ऋण पर ज्यादा ब्याज लेते हैं। ब्याज दरों में अंतर से ही बैंक मुनाफा कमाता है। मौजूदा समय में बचत, आवृति और सावधि जमा पर अर्जित ब्याज पर सरकार टैक्स वसूल रही है। बैंकों ने भी अपनी कमाई बढ़ाने के लिए जमा को म्यूच्यूअल फंड और बीमा में निवेश किया है। इधर, कुछ सालों से अर्थव्यवस्था के मजबूत रहने से शेयर बाजार का सेंसेक्स लगातार ऊपर जा रहा है और लोगों को शेयर बाजार व म्यूच्यूअल फंड में निवेश पर बेहतर प्रतिफल मिल रहा है। ऐसी स्थिति में घरेलू निवेशक बैंक में निवेश करने से परहेज कर रहे हैं। जमा की किल्लत की वजह से बैंकों को ऋण देने के लिए बाजार से अधिक ब्याज पर पूंजी उठानी पड़ रही है और बाजार में तरलता का संकट पैदा होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उधारी के उठाव में कमी आने से आर्थिक गतिविधियों में कमी दर्ज की गई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उल्लेखनीय कमी आई है। लिहाजा,व्यक्तिगत बचत को प्रोत्साहित करने के लिए बचत, आवृति एवं सावधि जमा पर अर्जित ब्याज को करमुक्त बनाने की जरूरत है। साथ ही,आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत सभी बैंक जमा पर कर की छूट भी देनी चाहिए। जमा को प्रोत्साहित करने के लिए गारंटीकृत रिटर्न के साथ सरकार द्वारा समर्थित बचत योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू करना चाहिए, क्योंकि ग्रामीण अभी भी शेयर बाजार और म्यूच्यूअल फंड में निवेश करने से बचते हैं। इस क्रम में बचत को प्रोत्साहित करने के लिए महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों द्वारा जमा राशि पर कर मुक्त ब्याज देने की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकार को आकर्षक दीर्घ-अवधि सरकारी बचत बॉन्ड बैंकों के माध्यम से बेचना चाहिए, ताकि बैंक की जमा में वृद्धि हो और सार्वजनिक क्षेत्र की उधारी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सके। सरकार को ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता कानून बनाने की जरूरत है, क्योंकि साइबर अपराध की आवृति बढ़ने से भी आमजन बैंकों में जमा रखने से परहेज कर रहे हैं। बैंक के विफल होने की स्थिति में जमा बीमा दावों की प्रक्रिया को और सरल बनाना चाहिए। इससे भी जमा को बढ़ावा मिल सकता है। बैंकों के गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में विगत वर्षों में उल्लेखनीय कमी आई है। फिर भी, सर्फेसी, बैंक अदालत आदि वसूली तंत्रों को और भी मजबूत बनाने की जरूरत है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद बैंक कर्मचारियों को दिए जाने वाले लाभों पर टीडीएस जनवरी 2025 से शुरू की जाने वाली है। कुछ बैंकों ने फ़िलहाल इस भार को खुद वहन किया है तो कुछ ने नहीं। सरकार द्वारा मामले में हस्तक्षेप करने की जरूरत है। हाल के कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन में बेहतरी आई है और एनपीए में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। बैंकिंग सुविधाओं के डिजिटल हो जाने के बाद, ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं में बहुत तेजी आई है, जिससे निवेशकों का बैंकों पर से भरोसा कम हुआ है। बैंकों के वसूली तंत्र की कमजोरी के कारण भी एनपीए में अपेक्षित कमी नहीं आई है। इधर, बैंक कर्मचारियों को दिए जाने वाले लाभों पर टीडीएस की कटौती से उनके मनोबल में कमी दर्ज की गई है, जिससे बैंक के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ी है। अस्तु, इन समस्याओं का समाधान करने वाले प्रावधान बजट में करने की जरूरत है।

## हर दिन सुखद और आनंददायक

आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंदकी लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है। सदैव स्मरण रखें कि बाह्य स्थितियाँ एवं परिस्थितियां सदैव अनुकूल नहीं रह सकती हैं। ध्यान के माध्यम से आत्म-अवलोकन करें तथा अपनी आंतरिक गहन शांति एवं नीरवता का सागर खोजें। विश्वास करें कि सब कुछ दिव्य योजना के अनुसार नियंत्रण में है।

## देने वाला तो कोई और है

रहीम खान खाना का नियम था, कि वे प्रतिदिन गरीब याचकों को दान देते थे और देते समय वह कभी अपनी नजर दान लेने वाले पर नहीं डालते थे। वह नजर नीचे करके रूपए-पैसों के ढेर से मुट्ठी भरकर गरीबों को देते थे। अपने नियम अनुसार एक दिन जब वह गरीबों को दान दे रहे थे तो उनसे किसी ने पूछा, 'जैसे-जैसे आपका हाथ दान देने के लिए उठ रहा है, आपके नैन नीचे क्यों झुकते जा रहे हैं? तुम ऐसे दान क्यों देते हो? ऐसा तुमने कहां से सीखा? ऐसी देनी देन जू कित सीखे हो सैन। ज्यों-ज्यों कर ऊंचे करो, त्यों-त्यों नीचे नैन। इस पर रहीम ने दोहे के रूप में इसका उत्तर दिया, 'देनहार कोउ और है, भेजत सो दिन रैन। लोग भरम हम पै धरैं, याते नीचे नैन' देने वाला तो कोई और ही है, जो दिन-रात दे रहा है, लेकिन लोग समझते हैं कि मैं दे रहा हूं, इसलिये मेरी आंखें अनायास ही शर्म से झुक जाती हैं। मनुष्य कहां किसी को कुछ दे सकता है, देने वाला तो दूसरा ही है, जो दिन-रात भेजता रहता है, इन हाथों से दिलवाने के लिए। लोगों को व्यर्थ ही भ्रम हो गया है कि रहीम दान देता है। मेरे नेत्र इसलिए नीचे को झुके रहते हैं कि मांगने वाले को यह भान न हो कि उसे कौन दे रहा है, और दान लेकर उसे दीनता का एहसास न हो। कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि पहले प्रश्न वाला दोहा गोस्वामी तुलसीदास का है, वहीं कुछ लोग इसे कवि गंग का मानते हैं। लेकिन प्रश्न चाहे किसी ने भी किया हो, महत्वपूर्ण बात तो रहीम के उत्तर में निहित है, कि दान देते समय या किसी की मदद करते समय हमारे मन में अभिमान नहीं बल्कि नम्रता का भाव होना चाहिए।

# मदद मांगना कमजोरी नहीं, हिम्मत है

**हर** इंसान की जिंदगी में ऐसे मौके आते हैं, जब उसे किसी की मदद की जरूरत महसूस होती है। चाहे वह किसी मुश्किल हालात का सामना करना हो, काम का बोझ हो या मानसिक तनाव। इंसान एक सामाजिक प्राणी है। समूह में रहते हुए मदद मांगना एक सामान्य इंसानी जरूरत है। हालांकि, हमारे समाज में कई बार इसे कमजोरी से जोड़कर देखा जाता है। अक्सर ही लोग कहते दिखते हैं कि 'मुझे मदद मांगना नहीं पसंद, भले ही मेरा काम अधूरा रह जाए।' या 'मैं क्यों किसी की मदद लूं!' समाज द्वारा बनाए गए ऐसे टैबू की वजह से लोग मदद मांगने से हिचकिचाते हैं। वहीं कुछ शर्म या अन्य किसी वजह से मदद नहीं मांग पाते हैं। मदद मांगने में संकोच सबसे बड़ी वजह है। साथ ही यह धारणा भी है कि इससे हमारी क्षमता या आत्मनिर्भरता पर सवाल उठेगा। लोग सोचते हैं कि अगर उन्होंने मदद मांगी तो उनकी इमेज खराब हो जाएगी। खासकर ऑफिस में, जहां परफॉर्मेंस पर सबकी नजर होती है, वहां किसी से मदद मांगना और भी मुश्किल लगता है। मदद मांगने की सोचने पर कई बार ऐसा महसूस होता है कि सामने वाला हमें कमजोर या अयोग्य समझेगा। इसकी सबसे बड़ी वजह हमारी परवरिश और हमारे आसपास का माहौल होता है। जहां हम पले-बढ़े होते हैं, वहां लोगों में एक-दूसरे की मदद करने की भावना नहीं होती है या ऐसी जगहों पर लोग मदद मांगने को कमजोरी से जोड़कर देखते हैं। यह सोच हमें मदद मांगने से रोकती है। मदद मांगना हमारी असफलता या कमी को स्वीकार करने जैसा लगता है। खासकर तब, जब बचपन से ही हमें यह सिखाया गया होता है कि मदद मांगना अच्छी आदत नहीं है। ऐसे में मदद मांगने से हिचकिचाहट होती है और यह हमारे भीतर आत्म-संदेह पैदा कर सकती है। कई बार हम सोचते हैं कि 'अगर मैंने यह प्रोजेक्ट पूरा करने में मदद मांगी, तो बॉस मुझे कमतर समझेंगे?' या 'अगर मैंने बच्चों को संभालने में मदद मांगी, तो क्या लोग मुझे खराब मां समझेंगे?' कई बार हमें मदद मांगने में संकोच और डर लगता है। हालांकि, छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम इससे निपट सकते हैं। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं। मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का काम है। यह दिखाता है कि आप समस्या को सुलझाना चाहते हैं और अपने काम के प्रति ईमानदार हैं। मदद मांगने के लिए सही व्यक्ति का चुनाव करें। ऐसे किसी व्यक्ति से मदद मांगें, जो भरोसेमंद हो और हेल्पफुल हो। मदद मांगते समय विनम्र बने रहें। मदद मांगते समय अपनी बात स्पष्टतापूर्वक रखें। सामने वाले को बताएं कि आपको किस काम के लिए उसकी मदद चाहिए। बिल्कुल नहीं, बल्कि मदद मांगने से आत्म-सम्मान बढ़ सकता है। किसी की हेल्प लेने से यह पता चलता है कि आप अपनी सीमाओं को पहचानते हैं और सुधार के लिए तैयार हैं। मदद मांगने पर लोग अन्य लोगों की तुलना में आपको अधिक समझदार समझते हैं। किसी से हेल्प लेना बिल्कुल कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि मदद मांगना हिम्मत का काम है। यह इस बात का संकेत है कि आप अपनी समस्या से भाग नहीं रहे हैं, बल्कि इसे हल करने के लिए सही



कदम उठा रहे हैं। यह आपकी समस्या सुलझाने की क्षमता और मानसिक मजबूती को दिखाता है। मदद मांगने से पहले यह तय करें कि आपकी समस्या को कौन अच्छी तरह समझ सकता है और उसे सुलझा सकता है। अगर ऑफिस के किसी काम में समस्या होती है तो अपने बॉस से बात करें। समस्या के बारे में उन्हें बताएं और समझाएं कि आपको उनकी मदद चाहिए, जिससे काम बेहतर तरीके से हो सके। अपने साथी से मदद मांगते समय समस्या को खुलकर बताएं। यह भी बताएं कि आप उनसे क्या उम्मीद करते या करती हैं। जैसे, 'मुझे लगता है कि मैं घर के काम करते-करते बहुत थक जाती हूं। क्या आप बर्तन साफ करने या खाना पकाने की जिम्मेदारी ले सकते हैं?' अगर आप मानसिक रूप से परेशान हैं, लंबे समय से अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं तो दोस्त, परिवार से इस बारे में बात करें। अपनी भावनाओं को खुलकर बताएं और काउंसलर की मदद लें। ऑफिस में मदद मांगते समय कई लोग समझते हैं कि इससे उनकी कमजोरी सामने आ जाएगी। जबकि मदद मांगने का उद्देश्य काम को बेहतर तरीके से करना होता है। 'मुझे यह प्रोजेक्ट समझने में मुश्किल हो रही है। क्या आप मुझे इसके कुछ जरूरी पॉइंट्स समझा सकते हैं? मदद मांगते समय घबराएं नहीं। यह समझें कि आप टीम का हिस्सा हैं और टीम के सभी मेंबर्स का लक्ष्य एक ही है। जैसे आप मदद मांगने में झिझकते हैं, वैसे ही कई लोग आपसे मदद मांगने में संकोच करते होंगे। अगर कोई आपसे मदद मांगने में संकोच कर रहा है और आपको इस बारे में पता है तो आगे बढ़कर उसकी मदद करें। कोशिश करें कि आप जरूरतमंद की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहें। हालांकि, इस दौरान इस बात का ख्याल रखें कि आपका नुकसान न हो। मदद मांगना कमजोरी नहीं है। यह दिखाता है कि आप अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए तैयार हैं। अगली बार जब आपको मदद की जरूरत हो, तो बिना झिझक के मदद मांगें क्योंकि मदद मांगना एक कला है, जो हर किसी को सीखनी चाहिए।

# प्रयागराज आने वाली फ्लाइट्स का किराया 50 प्रतिशत तक घटाया

## 60 से 30 हजार हुए आने-जाने के दाम; सरकार के दखल पर कीमतें घटाईं



**प्रयागराज।** महाकुंभ में देश-विदेश से तमाम लोग आ रहे हैं। इसका फायदा उठाने के लिए एयरलाइंस कंपनियों ने अपने टिकट के दाम बेतहाशा बढ़ा दिए। सरकार के हस्तक्षेप करने के बाद अब एयरलाइन कंपनियों ने कीमतें कम कर दी हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (छ्तष्ट) से एक्शन लेने को कहा था। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और जयपुर जैसे देश के प्रमुख शहरों से प्रयागराज के लिए डायरेक्ट फ्लाइट टिकट की कीमतें 20 से 30प्रतिशत कम हो गई हैं।

दो दिन पहले दिल्ली से प्रयागराज के लिए सबसे सस्ता टिकट 22 हजार के करीब था। आज की तारीख में वो 13 हजार के करीब हो गया है। विशेष स्नान तिथियों पर टिकट की कीमतों में औसत 30 से 40प्रतिशत की कमी आई है। डायरेक्ट फ्लाइट्स की सबसे सस्ती और महंगी दोनों टिकट की कीमतें कम हुई हैं। प्रमुख शहरों से विशेष स्नान तिथियों सहित अगले एक-दो दिनों में कीमतों में कितनी कमी आई है, पहले क्या किराया था और अब कितना हुआ है, इस रिपोर्ट में पढ़िए-

टिकटों के दाम अधिकतम 24 हजार रखने को कहा लगातार मिल रही शिकायतों पर सोमवार यानी 27 जनवरी को डीजीसीए ने एक्शन लिया। महानिदेशालय ने कह- एयरलाइन कंपनियां अपनी फ्लाइट्स का किराया न बढ़ाएं। सूत्रों का कहना है कि सरकार ने एयरलाइन कंपनियों से दिल्ली वापसी के टिकट का दाम 24 हजार से अधिक न रखने को कहा है। सरकार की सख्ती का असर गुरुवार से ही दिखने लगा है। 30 जनवरी से 26 फरवरी तक देश के प्रमुख शहरों से प्रयागराज तक की टिकट की कीमतों में औसत कमी देखने को मिल रही है।

### इंडिगो ने 30 से 50प्रतिशत कम की फ्लाइट टिकट कीमतें

एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने माना है कि डीजीसीए के कहने पर कंपनी ने प्रयागराज आने वाली सभी फ्लाइट टिकट के दाम 30 से 50प्रतिशत तक कम किए हैं। यह बदलाव तब आया है, जब सरकार ने एयरलाइन कंपनियों से टिकट के दाम करने के साथ ही ट्रैवल बुकिंग पार्टनर्स को भी अनावश्यक कीमत न बढ़ाने के लिए कहा। इस तरह पहले दिल्ली से प्रयागराज आने और जाने का कुल खर्चा करीब 60 हजार तक जा रहा था, वो अब 30 हजार तक आ गया है।

### क्यों सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा?

महाकुंभ में इस समय हर दिन लाखों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। ये लोग बस, ट्रेन और फ्लाइट्स से प्रयागराज आ रहे हैं। ट्रेनों का संचालन पूरी तरह सरकार के हाथ में है। इस लिहाज से रेलवे ने पहले से तैयारियां की और ट्रेनें बढ़ा दी। सरकारी बसों की संख्या भी बढ़ाई गई। तीसरा साधन आता है हवाई जहाज, जहां सरकार का दायरा सिर्फ नियम-कानून बनाने तक सीमित है। संचालन उसके हाथ में नहीं है। ऐसे में, एयरलाइन कंपनियों ने इस मौके का फायदा उठाते हुए देश के प्रमुख शहरों से फ्लाइट्स की टिकट बेतहाशा महंगी कर दी। तब इसे लेकर कई यात्रियों ने डीजीसीए में इसकी शिकायत की। यात्रियों ने बताया कि कैसे दिल्ली से प्रयागराज तक किराया 25 हजार रुपए तक वसूला जा रहा है, जबकि सामान्य रूप से यह 5 हजार रुपए तक रहता है।

## सिमरन समागम कल से, 7 को निकाला जाएगा नगर कीर्तन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पदमपुर रोड अमृत विहार कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा धन-धन भाई मंझ के सालाना समागम के उपलक्ष्य में छः दिवसीय वाहेगुरु सिमरन समागम की शुरुआत 01 फरवरी, शनिवार को होगी। इस अवसर पर 6 फरवरी, गुरूवार तक रोजाना शाम सात बजे से रात्रि आठ बजे तक वाहेगुरु सिमरन दीवान सजाए जाएंगे। गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार नौनिहाल सिंह ने बताया कि इस बीच 2 फरवरी, रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक संगत द्वारा सामूहिक रूप से 13 सेंची साहिब के लड़ीवार जाप, श्री सुखमनी साहिब, जपुजी साहिब, चौपाई साहिब, मूलमंत्र व गुरुमंत्र जाप किए जाएंगे। गुरुद्वारा साहिब के सालाना समागम के उपलक्ष्य में 7 फरवरी, शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे गुरुद्वारा साहिब से महान नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जोकि पदमपुर रोड स्थित आसपास की विभिन्न कालोनियों की परिक्रमा करते हुए शाम को वापिस गुरुद्वारा साहिब में पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि मुख्य समागम के तहत 8 फरवरी, शनिवार को रात्रि दीवान तथा 9 फरवरी रविवार सुबह विशेष कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। सभी कार्यक्रमों के दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। गुरुद्वारा के हैड ग्रंथी जतिन्दर सिंह ने बताया कि समागम के चलते गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्यों जसवीर सिंह, प्रितपाल सिंह, अर्शदीप सिंह, सिमरजीत सिंह, जसदीप सिंह, नरेन्द्र सिंह वधावन, अजयदीप सिंह, जुझार सिंह, फतेह सिंह, हर्ष बुट्टर, बॉबी सिंह, माणा सिंह, हरमन सिंह व प्रभजोत सिंह को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# कृषक उपहार योजना के विजेताओं को उपहार दिए



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** कृषि उपज मंडी समिति की कृषक उपहार योजना के तहत जारी ई-उपहार कूपनों की लॉटरी सूची के तहत उपहार दिए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी कृषि उपज मंडी में संचालित कृषक उपहार योजना के अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी समिति सूरतगढ़ द्वारा ई-उपहार कुपनों की लॉटरी मण्डी समिति सूरतगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की गई। कृषक उपहार योजना अन्तर्गत 1 जुलाई से 31 दिसंबर तक जारी ई-नाम के माध्यम से ई-पेमेन्ट पर जारी कूपन एवं गेट पास की विक्रय पर्चियों पर जारी कूपनों की लॉटरी राजकिसान सॉफ्टवेयर के माध्यम से निकाली गई। जिसमें निकाले गए ड्रा में ई-पेमेन्ट पर जारी कूपनों पर पुरस्कार विवरण में प्रथम पुरस्कार कूपन नंबर धनराज गांव राजपुरा पिपरेन तहसील सूरतगढ़ को 25000 रुपए। द्वितीय पुरस्कार सतविन्द्र सिंह गांव 8 एसएचपीडी तहसील सूरतगढ़ को 15000 रुपए। तृतीय पुरस्कार कूपन नंबर सतविन्द्र सिंह गांव 8 एसएचपीडी तहसील सूरतगढ़ को 10000 रुपए। गेट पास की विक्रय पर्चियों पर जारी कूपनों पर पुरस्कार का वितरण प्रथम पुरस्कार कूपन नंबर शेराराम गांव किशनपुरा तहसील सूरतगढ़ को 25000 रुपए ।

द्वितीय पुरस्कार कूपनः श्रीमती कमला देवी पत्नी सुभाष गांव मानकसर तहसील सूरतगढ़ को 15000 रुपए।

तृतीय पुरस्कार चरणजीत गांव 6 एसएचपीडी तहसील सूरतगढ़ को 10000 रुपए दिए जाएंगे। लॉटरी राज किसान के माध्यम से निकाली गई। उक्त लॉटरी के आयोजन में मनोज कुमार कनिष्ठ विपणन अधिकारी कार्यालय क्षेत्रीय उपनिदेशक कृषि विपणन विभाग हनुमानगढ़, विकास सहारण सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सूरतगढ़, संजय सोनी अध्यक्ष व्यापार मण्डल सूरतगढ़, संजय व्यास उपाध्यक्ष व्यापार मण्डल सूरतगढ, मण्डी समिति स्टाफ धनपत राम श्रीमति रजनी पूनियां, किशन लाल स्वामी, कैलाश मीणा, भंवर लाल गोदारा ललित चुघ, राजा सावंरिया, अनमोल चुघ, विजय सिंह, हर्ष शर्मा कम्प्यूटर ऑपरेटर, व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति / किसान इत्यादि उपस्थित रहे।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## बीमा सखी योजना से जुड़कर परिवार के पालन पोषण में भागीदारी निभाएं : करुणा चांडक



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** नगरपरिषद की पूर्व सभापति करुणा चांडक ने श्रीगंगानगर विधानसभा क्षेत्र की जरूरतमंद सभी दसवीं पास महिलाओं से आग्रह किया है कि वे सभी बीमा सखी योजना से जुड़कर अपने परिवार के पालन पोषण में भागीदारी निभाएं। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से महिलाओं का ध्यान आकर्षित किया है कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए बीमा सखी योजना से जुड़ना चाहिए यह योजना विशेष रूप से महिलाओं को लक्षित है। महिलाओं को तीन वर्षों की ट्रेनिंग के बाद काम करने का मौका मिलता है। यह योजना महिलाओं को न केवल वित्तीय स्वतंत्रता देती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाती है। बीमा सखी योजना में जुड़ने वाली महिलाओं को ट्रेनिंग के पहले साल 7000 रुपये प्रतिमाह, दूसरे साल 6000 रुपये प्रतिमाह और तीसरे साल 5000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे इसका मतलब है कि महिलाओं को 3 सालों में कुल 2 लाख से ज्यादा रुपये मिलेंगे इसके अलावा महिलाओं को बोनस और कमीशन का भी लाभ दिया जाएगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 दिसंबर को पानीपत से इस योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना में 10वीं पास महिलाओं को काम करने का मौका मिलता है। एलआईसी की इस स्कीम को महिला सशक्तिकरण के जरिए विकसित भारत की पहल के तहत लॉन्च किया गया था। भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है। वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और पैसा दिया जाएगा। ये महिलाएं बैंकिंग सेवाओं को सुगम बनाने में सहायता करती हैं जिसमें बैंक खाते खोलना, जमा करना, नकदी निकालना और सरकारी कार्यक्रमों तक पहुंच प्रदान करना शामिल है।

## ब्रेजा ने महिला को कुचला, मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में शुक्रवार की सुबह एनएच-31 फोरलेन पर कार ने एक महिला को कुचल दिया। उसकी मौत हो गई। घटना बलिया थाना क्षेत्र के छोटी बलिया लखमीनिया के पास की है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मृतक की पहचान मिसरीकार टोला निवासी रामचंद्र मालाकार की पत्नी शांति देवी (60) के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। कार को जब्त कर उसके मालिक की पहचान की जा रही है।

छोटी बलिया मिसरीकार टोला निवासी शांति देवी रोज की तरह सुबह मालगोदाम के पास फूल तोड़कर लोगों को देने जा रही थी। एनएच-31 पार करने के दौरान बेगूसराय की ओर से आ रही ब्रेजा कार ने उसे कुचल दिया। महिला को कुचलने के बाद कार अनियंत्रित होकर एनएच किनारे गड्ढे में पलट गई।

# आरपीएफ पुलिस ने यात्री को रुपयों से भरा बैग लौटाया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आरपीएफ पुलिस ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक यात्री को उसका बैग लौटा दिया। यात्री के बैग में 167000 रुपये का कीमती सामान समेत 85000 हजार रुपये की नगदी यात्री को सुपुर्द की। आरपीएफ के जवान प्रवीण कुमार चाहर ने बताया कि 28 जवनरी को एक यात्री का बैग श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर रह गया था। और यात्री दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस ट्रेन में दिल्ली के लिए रवाना हो गया था । जब यात्री ने अपने बैग का ध्यान दिया तो यात्री का बैग श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर रह गया था।जिसके बाद यात्री ने श्रीगंगानगर आरपीएफ पुलिस को सूचना दी। आरपीएफ पुलिस के जवान प्रवीण चाहर ड्यूटी पर तैनात थे।उन्होंने यात्री का बैग सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और आरपीएफ थाने ले गए जिसके बाद आज यात्री श्रीगंगानगर पहुंचा आरपीएफ पुलिस से बैग यात्री को सुपुर्द किया। बैग मिलने के बाद यात्री ने आरपीएफ पुलिस आभार व्यक्त किया।



## साहस और सच्चाई से भरी थी बापू की कहानी : दादरी

### पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**हनुमानगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को टाउन की ज्ञानसिंह कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। इसमें कांग्रेसजनों ने राष्टपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीदी दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत में कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बापू के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। डीसीसी अध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने राष्टपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बापू ने पूरे देश को प्रेम, सर्वधर्म समभाव के साथ जीना और सत्य के लिए लोगों को लड़ना सिखाया। बापू का जीवन राष्ट की निस्स्वार्थ सेवा में समर्पित रहा। भारत की स्वतंत्रता के लिए बापू ने अंग्रेजों से संघर्ष किया और भारत को आजादी दिलाई। उनके जीवन की कहानी साहस और सच्चाई से भरी थी। बापू ने पूरे देश को प्रेम के साथ जीना और सच के लिए लड़ना सिखाया। कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की सत्य और अहिंसा की सोच को आगे लेकर बढ़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि महात्मा गांधी के दिखाए मार्ग को आगे बढ़ाते हुए उनके विचारों को लोगों के बीच लेकर जाएं। जिला प्रमुख कविता मेघवाल ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को आजादी का जश्न मनाते हुए एक साल भी पूरा नहीं हुआ था कि सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई। तब से लेकर 30 जनवरी को शहीदी दिवस के रूप में देश में मनाया जाता है।

## आगराकैंट-श्रीगंगानगर-आगरा कैंट वाया रेवाड़ी -अलवर-मथुरा दैनिक ट्रेन संचालन की मांग

जनमार्ग न्यूज

**अलवर।** आगराकैंट-श्रीगंगानगर-आगरा कैंट दैनिक ट्रेन सञ्चालन के लिए जल्द रेल विकास संघ द्वारा रेल मंत्री और अलवर सांसद को पत्र लिखा जाएगा .पूर्व में भी इस बाबत मांग की गई थी परन्तु यह ट्रेन मात्र दो ट्रिप के लिए भारी भरकम किराये के साथ स्पेशल के तौर पर चलाई गई थी जिसकी स्पीड भी स्लो थी



उक्त ट्रेन को मात्र दो ट्रिप बाद ही बंद कर दिया एवं आगे नहीं चलाया गया .अब पुनः इस ट्रेन के नियमित सञ्चालन की मांग की जा रही है ताकि अलवर से गंगानगर 5 जोड़ी बसों में सफर करने वाले यात्रियों को अधिक समय और धन में यात्रा न करनी पड़े एवं उन्हें रेवाड़ी अथवा जयपुर से ट्रेन न बदलनी पड़े

यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान में अलवर से बठिंडा के लिए सप्ताह में 4 दिन अजमेर-अमृतसर-अजमेर ट्रेन संचालित है जबकि लोगों का रोज बठिंडा आवागमन होता है जिससे दैनिक ट्रेन से उन यात्रियों को लाभ होगा साथ ही खैरथल मंडी के व्यापारी भी बठिंडा भी व्यापार के सिलसिले में जाते हैं , उनको लाभ होगा

गोवर्धन के लिए ट्रेन गिनी चुनी हैं उक्त ट्रेन का सञ्चालन होने पर भगवान श्री कृष्ण जी के श्रद्धालुओं को आवागमन में बढ़िया सुविधा होगी साथ ही अलवर से आगरा कैंट के लिए भी वर्तमान में मात्र एक ही लालगढ़-सुपरफास्ट संचालित हैं बाकी सभी ट्रेन मथुरा तक सीमित हैं जिससे अलवर स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटकों और ताजनगरी आगरा जाने वाले पर्यटकों को असुविधा होती है . अलवर अथवा आगरा के लिए बांदीकुई अथवा मथुरा से ट्रेन बदलनी पड़ती है . अतः संघ द्वारा इस ट्रेन के दैनिक सञ्चालन की मांग की जा रही है

## पटवार संघ की हड़ताल 17वें दिन भी जारी



**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** राजस्थान पटवार संघ हनुमानगढ़ की हड़ताल आज 17वें दिन भी जारी रही। अपनी मांगों को लेकर पटवारी संघ के सदस्य अनिश्चितकालीन धरने पर डटे हुए हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पटवारियों के इस हड़ताल से किसानों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया, तहसील अध्यक्ष अमर सहू व कानूनगों संघ अध्यक्ष चन्द्रभान ज्याणी ने कहा कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी मांगों को अनदेखा कर रही है। संघ ने वेतन विसंगतियों को दूर करने, ग्रेड पे में सुधार, पदोन्नति की प्रक्रिया को सुचारू करने और उचित भत्तों की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पटवारियों की हड़ताल के कारण किसानों को अपनी जमीन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। नामांतरण, जमाबंदी और अन्य भूमि संबंधी कार्य ठप पड़े हुए हैं। इसके अलावा, सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

# 3 ई छोटी एरिया में आरयूआईडीपी एव एलएंडटी के अधूरे कार्यो की शिकायत

### प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईएएस पीयूष सामरिया से की, अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भाजयुमो नेता रजत स्वामी एडवोकेट ने आरयूआईडीपी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईएएस पीयूष सामरिया को एलएंडटी की लापरवाही से शहर के नारकीय हालातो से अवगत करवाते हुए पत्र भेजा है। स्वामी ने बताया कि गंगानगर में आरयूआईडीपी एवं एलएंडटी ने शहर को नर्क बना रखा है। शहर से सटे 3 ई छोटी के गोविंद विहार रामदेव मन्दिर के पास गली नम्बर 10 लास्ट में सीवरेज डाले हुए 2 साल हो गए पत्थर डालकर डामर चला दिया और कार्पेट आजतक नही डाला गया जिससे स्थानीय लोग लगातार परेशान हो रहे है। वही 3 ई छोटी गली नम्बर 10 सीसी सड़क पूरी तरह से जंहा सीवरेज चैम्बर डाले गए थे वँहा से क्षतिग्रस्त हुई पड़ी है इसे तत्काल रिपेयर करवाने की मांग की है। 3 ई छोटी गली नम्बर 7,8,9,10 आदि गलियों में चैम्बर के अधिकतर ढक्कन सड़क के लेवल से काफी ऊंचे हुए पड़े है जिससे सड़क का समतल पन खत्म हो गया है और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। स्वामी ने बताया कि इन समस्याओं को अनेको बार आरयूआईडीपी एव एलएंडटी के स्थानीय अधिकारियों को अवगत करवाया है पर किसी ने जिम्मेदारी पूर्वक समस्या का समाधान नही करवाया। स्वामी ने बताया कि शिवाजी नगर इलाके में तो सीवरेज चैम्बरो में नालियों वाला गन्दा पानी भरा पड़ा है। सबसे बड़ी समस्या तो पाइपलाइन लीकेज होने पर आती है जब आरयूआईडीपी और पीएईचडी दोनो एक दूसरे विभाग का नाम लेकर पल्ला झाड़ लेते है। स्वामी ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर से 3 ई छोटी क्षेत्र की उक्त समस्याओं का तत्काल समाधान करवाते हुए आरयूआईडीपी, एलएंडटी के अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही करने कि मांग की है।



# सफाई कर्मचारियों की सात सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सूरतगढ़।** अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी मजदूर संघर्ष समिति अध्यक्ष रेखा घुसर, उपाध्यक्ष किरण बाला, उपाध्यक्ष माया देवी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी अटवाल के नेतृत्व में नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की सात सूत्री मांगों को लेकर अधिशासी अधिकारी के नाम अधिशासी अभियंता मेजर सिंह भारी को ज्ञापन सौंपा । सफाई कर्मचारियों की समस्या प्रशासन को अवगत कराते हुए अस्थाई नगर पालिका ड्राइवरों को जल्द बोर्ड बैठक में रखकर स्थाई ड्राइवर बनाया जावे, सफाई कर्मचारियों का 9 व 27 वां ग्रेड जल्द लगाया जावे , सफाई कर्मचारियों का 9 व 27 वां ग्रेड का एरियर का भुगतान तुरंत किया जावे , सन 2015 से 2018 तक का एनपीएस का भुगतान जल्द किया जावे , भंवरी पति हरिराम व लक्ष्मी पति रमेश सफाई कर्मचारी का सिलेंडर लीव भुगतान जल्द किया जावे , अस्थाई सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया जावे व बकाया पीएफ दिलवाया जावे , रेखा पति श्यामलाल सफाई सेवक का पेंशन कार्यवाही कर दस्तावेज पेंशन विभाग में भेजें जावे । सात सूत्री मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी की समस्याओं को प्रशासन के सामने अवगत करवाया इस मौके पर अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी मजदूर संघर्ष समिति की अध्यक्ष रेखा घुसर ने कहा सफाई कर्मचारियों की जायज मांगे हैं इन जायज मांगों पर तुरंत प्रभाव से प्रशासन कार्यवाही करें ताकि कर्मचारियों का जायज हक मिल सके। अधिशासी अभियंता मेजर सिंह भारी ने कहा इन समस्याओं पर अधिकारियों को लगाकर तुरंत कार्यवाई करवाई जाएगी ताकी हमारे सफाई कर्मचारी का हक समय पर मिल सके यह उनका हक और अधिकार है जिसमें प्रशासन कभी पीछे नहीं हटेगा। इस मौके पर संघर्ष समिति की अध्यक्ष रेखा घुसर, उपाध्यक्ष किरण बाला, उपाध्यक्ष माया देवी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, युवा नेता महेंद्र भाटिया, राकेश कुमार, अमरचंद नायक आदि मौजूद थे।



# खेत मजदूर यूनियन ने की मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को हल करने की मांग



**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, हनुमानगढ़ ने आज मनरेगा मजदूरों और मेटों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने सरकार से मनरेगा श्रमिकों की स्थिति सुधारने और लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की अपील की। यूनियन ने कहा कि मनरेगा देश की सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार योजना है, जो लाखों गरीबों को आजीविका का साधन उपलब्ध कराती है। लेकिन इस योजना से जुड़े मेटों और मजदूरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरी बढ़ाने, बकाया भुगतान करने और उचित कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसी मांगें लंबे समय से अनसुनी की जा रही हैं। यूनियन ने सरकार से मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये करने की मांग की, ताकि बढ़ती महंगाई के बीच श्रमिकों को राहत मिल सके।

इसके अलावा, ज्ञापन में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े हजारों लाभार्थियों को अब तक राशि नहीं मिलने और भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटित नहीं किए जाने की समस्याओं को भी उठाया गया। यूनियन ने प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के करीब 50 हजार पात्र परिवारों को जल्द लाभ देने की मांग की। मनरेगा कार्यस्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी पर भी ध्यान दिलाया गया। मजदूरों को छांव, पानी, दवाई और उपकरणों की अनुपलब्धता से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यूनियन ने मांग की कि मनरेगा मजदूरों को घोषित 125 दिन का रोजगार दिया जाए।

# साहिल गोदारा का सम्मान समारोह



**हनुमानगढ।** ऐटिफिट टेनिस एकेडमी में आज एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अंडर-17 नेशनल टेनिस टीम (राजस्थान) में चयनित खिलाड़ी साहिल गोदारा को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में हनुमानगढ़ और आसपास के खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और साहिल की इस उपलब्धि को सराहा।इस अवसर पर टेनिस एसोसिएशन राजस्थान के वाइस प्रेसिडेंट, द्रोणाचार्य त्क् सिंह जी ने साहिल गोदारा को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि साहिल का चयन राज्य के लिए गर्व की बात है और आशा व्यक्त की कि वे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के लिए पदक जीतेंगे। उन्होंने एकेडमी के प्रयासों की भी सराहना की और कहा कि इस तरह की संस्थाएं ही भविष्य के टेनिस सितारों को तराशने का कार्य कर रही हैं। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से कई प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। इनमें फिटनेस कोच प्रदीप सैनी, टेनिस कोच विजय सिंह, शंकर लाल जी वर्मा, नूतन वर्मा, नानू सिंह, जैवलिन प्लेयर जानवी, विकास शेखावत, फिजियोथेरेपिस्ट अमित अरोड़ा, प्रमोद कुमार, प्रमोद वर्मा और अभिमन्यु प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा, खेल जगत से जुड़े कई युवा खिलाड़ी, प्रशिक्षक और खेल प्रेमी भी इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने। साहिल गोदारा ने इस अवसर पर अपने कोचों, परिवार और एकेडमी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके कठिन परिश्रम और मार्गदर्शकों की मेहनत का ही परिणाम है कि वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। साहिल ने अपनी आगे की योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि उनका अगला लक्ष्य नेशनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान के लिए स्वर्ण पदक जीतना है।

# अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर मुस्लिम वक्फ कमेटी ने ज्ञापन दिया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** माफी दरगाह भूमि पर किए गए ताजा अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर मुस्लिम वक्फ कमेटी के अध्यक्ष पूर्व पार्षद गुलाम मोहम्मद पठान, शहर काजी मौलाना गुलाम कादिर कादरी, इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अली पठान की अगुवाई में मुस्लिम समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन देकर अवगत कराया मानकसर चौक पर दरगाह माफी यानी वक्फ बोर्ड की भूमि है जो खसरा नंबर 352 में 19.5 बीघा व खसरा नंबर 443 में साढ़े 7 बीघा भूमि है। उस भूमि के कुछ हिस्से पर गांव के लोगों ने जबरन अतिक्रमण करते हुए स्कूल के खेल भूमि का बोर्ड लगाकर माहौल खराब करना चाहते है, दो दिनों में अतिक्रमण करके लगाए गए स्कूल के बोर्ड को नहीं हटाया गया तो समाज के लोग संगठित होकर भूमि बचाने के लिए संघर्ष करेंगे। वर्ष 2002 में भू माफिया द्वारा किए गए अतिक्रमण को पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह भादू ने अपने कार्यकाल में भू माफियाओं के अतिक्रमण हटाकर फ्रंट में आने से रोका और 35-35 फुट भूमि फ्रंट से संस्था की दुकानों के लिए छुड़वाई थी। अभी जब संस्था की दुकानें बनाई जा रही थी तो तीन-चार लोगों ने अतिक्रमण करते हुए फ्रंट में जबरन मकान बनाना शुरू कर दिया। तब मुस्लिम समाज के पदाधिकारी और लोगों ने आपको शिकायत करने आए आपके नहीं मिलने पर एडीएम साहब को पत्र लिखकर अवगत कराया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद दोबारा फिर से उन लोगों ने अतिक्रमण करना शुरू कर दिया जिसकी शिकायत पुलिस थाने में भी की गई लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही। कब्जा धारी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय हमें ही धमकाया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जिला इमाम कारी मौलाना आफताब आलम अशरफी, शहर काजी मौलाना गुलाम कादिर कादरी, वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व पार्षद गुलाम मोहम्मद पठान, इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अली पठान, एडवोकेट महफूज आलम, एडवोकेट सखी मोहम्मद, नेक मोहम्मद बहलिम, शहीदुद्दीन, रफीक, मुश्ताक खान, आरिफ खान, रहमान खान, मुमताज, मोहम्मद अली कादरी, मोहम्मद फारूक, शाहबाज खान, फतेह शेर खान सहित काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा 2 दिनों में स्कूल का बोर्ड लगाकर किया गया अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो समाज के लोग संगठित होकर संघर्ष करेंगे ।



# भर्ती रोगियों व उनके परिजनों को दूध, ब्रेड,फल एवं बिस्कुट वितरित



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** अरोड़वंश सभा के पूर्व अध्यक्ष सुनील नागपाल ने अपनी पुत्री स्वर्गीय वनिषा रंगबुल्ला की ग्यारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में भर्ती रोगियों व उनके परिजनों को दूध, ब्रेड,फल एवं बिस्कुट वितरित किए गए। इस अवसर पर सुनील नागपाल, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष वीर दिलीप मिश्रा, सम्भागीय अध्यक्ष संजय बैद, सदस्य नीरज डांग उपस्थित थे। समाजसेवी शिवचरण उपाध्याय द्वारा अपने सहयोगी के साथ मिलकर सेवा में सहयोग किया गया।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** आज पीएम श्री राउमावि रावतसर में स्वास्थ्य विभाग, सीएचसी रावतसर के सहयोग से पीएम श्री विद्यालय के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डॉ पंकज कुमार के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों की आंख,कान, दांत,खून जांच किया गया तथा खांसी, जुकाम और बुखार आदि की जांच की गई।इस कार्य में श्री रामप्रताप लैब टेक्नीशियन, शंकर लाल ओ. ए., भीमसेन गोठवाल लैब रावतसर का सराहनीय सहयोग रहा है। इस अवसर पर डॉ पंकज कुमार ने मानस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों और परिजनों का शपथपत्र रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु निर्देश दिए। डॉ शंकर लाल द्वारा तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के विषय में जानकारी प्रदान की। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रभारी राजीव कुमार गोदारा के नेतृत्व में सतीश कुमार व्याख्याता, कुलदीप विशेष शिक्षक, रायसिंह व्याख्याता, श्रीमती गुरमीत , श्रीमती राधा, सिद्धार्थ ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को सम्मान प्रतीक भेंट कर आभार प्रकट किया।



# राज्य स्तरीय जम्बूरी पूर्व तैयारी शिविर में भाग लिया

**हनुमानगढ।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ओर से त्रिची तमिलनाडु में 28 जनवरी से 03 फरवरी 2025 तक आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में जिला हनुमानगढ़ से एक मात्र गाइड कम्पनी चौधरी सुरजाराम जाखड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर से गाइड लीडर श्रीमती निर्मला कुमारी के नेतृत्व में शैलजा, सुशीला, गायत्री, सुगना, अनदीप कौर, आरती, पूजा, प्रियंका गाइड विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी के साथ भाग लेगें एवं साथ ही राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में राज्य स्तरीय जम्बूरी पूर्व तैयारी शिविर में भाग लिया। गाइड दल को श्री भारत भूषण सी.ओ स्काउट, श्रीमती निर्मला कुमारी प्रधानाचार्य चौधरी सुरजाराम जाखड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर, श्री मुंशी राम जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट हनुमानगढ़, श्री नरेन्द्र सहारण स्काउटर एवं श्री सोहन गोदारा रोवर लीडर द्वारा दल को रवाना किया गया।

# सफाई कर्मचारियों को उपहार बांटे



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ।** पार्षद प्रेम मेघवाल द्वारा गुरुद्वारा गुरुनानकसर प्रेम नगर में सेवा कार्य संपन्न किया । हनुमानगढ़ टाउन में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर परिषद के स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मचारियों को उपहार स्वरूप वस्त्र प्रदान किए गए। यह सेवा कार्य गुरुद्वारा गुरुनानकसर प्रेम नगर में आयोजित किया गया, जिसमें सफाई कर्मचारियों के सम्मान और सहयोग की भावना को प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रेमलता पूरी, वरिष्ठ लिपिक एवं अतिरिक्त मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक जगदीश सिराव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें पार्षद प्रेम मेघवाल द्वारा सम्मान चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सफाई कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करना था, जो निरंतर शहर की स्वच्छता बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।गुरुद्वारा गुरुनानकसर प्रेम नगर में इस अवसर पर चाय-नाश्ते का लंगर वितरण किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

# गुप्त नवरात्रा स्थापना के प्रथम दिवस पर कंजक पूजन एवं स्टेशनरी वितरण

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन एवं जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में गुप्त नवरात्रा स्थापना के प्रथम दिवस पर कंजक पूजन एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम महात्मा गाँधी स्कूल नं. 5 पुलिस लाईन श्रीगंगानगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रेणु अग्रवाल, श्रीमती शिखा सेतिया, श्रीमती सीमा गर्ग, जगीरचन्द फरमा थे। कार्यक्रम के संयोजक मनीराम सेतिया सह-संयोजक पी.सी. गर्ग व अध्यक्षता प्रधानाचार्या रिम्पा तलवार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ओमप्रकाश मीना, बालकृष्ण मित्तल, इन्दूभूषण चावला उपस्थित रहे। मंच संचालन पूजा लड्ढा ने किया। नवरात्रा के शुभ अवसर पर भामाशाह श्रीमती मनदीप कौर द्वारा विद्यालय को एक स्वचालित इलेक्ट्रोनिक घंटी एवं म्यूजिक सिस्टम तथा भामाशाह सुखचैन सिंह परेड़ ड्रम भेंट किया। प्रधानाचार्या रिम्पा तलवार ने आए हुए सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन किया तथा कुछ जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट वितरण करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कंजक पूजन कार्यक्रम रखकर बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। श्रीमती मनदीप कौर ने विद्यालय के लिए अति आवश्यक स्वचालिक इलेक्ट्रोनिक घंटी व म्यूजिकल सिस्टम मय माईक तथा सुखचैन सिंह द्वारा परेड़ ड्रम भेंट करने पर उनका धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। अतिथियों द्वारा बालिकाओं को माला पहनाकर, तिलक लगाकर तथा फल व मिठाई देकर कंजक पूजन किया गया। अतिथियों ने बच्चों को कड़ी मेहनत करने व महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि पर कविता के माध्यम से उनमें ऊर्जा भरने का कार्य किया । सभी वक्ताओं ने शिक्षा के प्रति समर्पण भावना से लगातार अभ्यास करने की सीख दी गई। श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही हम संस्कारशील बन सकते हैं जिससे साक्षरता का प्रतिशत बढ़ेगा। किसी भी देश का विकास शिक्षित नागरिकों पर ही निर्भर होता है। शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र की शक्ति व समृद्धि का विकास होता है। बालिका शिक्षा में आज देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है । लोगों को बालिका शिक्षा का महत्व समझना होगा तभी सामाजिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इस वैज्ञानिक युग में लिंग चयन एवं लिंगानुपात विषय पर काफी चिंतन किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कन्या संरक्षण के लिए घोषणा की गई है। भारत सरकार ने भी कन्या भ्रूण हत्या को जघन्य अपराध मानते हुए इस पर कठोर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जगीरचन्द फरमा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। मनीराम सेतिया द्वारा गुप्त नवरात्रा के अवसर पर अतिथियों द्वारा कंजक पूजन कार्यक्रम रखकर व बेटियों को शिक्षित करने की प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। अपने परिवार के साथ समाज के निर्माण और विकास में नारी का विशिष्ठ योगदान माना जाता है । पी.सी. गर्ग ने बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ अनुशासन में रहने, अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। पूजा लड्ढा ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित जीवनचर्या अपनाने, योगाभ्यास करने, संतुलित एवं शुद्ध भोजन करने व पर्यावरण को शुद्ध रखने का आह्वान किया।



# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जनसेवा केंद्र में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कांग्रेस जिला महामंत्री जयप्रकाश गिला, वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश गेदर, नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत, युवा नेता योगेश मेघवाल ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए देश में नफरत की राजनीति करके सत्ताधारियो से देश को बचाने के लिए सभी धर्म और सभी वर्गों को एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। धर्म की राजनीति करके दूसरे धर्म का अपमान करने वाले सत्ताधारी देश का भला नहीं कर सकते हैं। श्रद्धांजलि सभा में अंग्रेज सिंह ढिल्लों, कमलेश मीणा, मोहम्मद अली कादरी, प्रमोद ज्याणी, डॉ राजेश भाटी, सचिन नोखवाल, सतनाम वर्मा, रामप्रवेश डाबला, फौजी लीलाधर स्वामी, साहिल गेदर, राम अवध यादव, अनिल रोकणा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए नारे लगाए। युवा नेता योगेश मेघवाल ने संगठन में एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान करते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

# मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की बैठक आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की एक महत्वपूर्ण बैठक आज भगत सिंह यादगार केंद्र, लाल चौक पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की जिला अध्यक्ष कामरेड चंद्र कला वर्मा ने की। इस अवसर पर यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड बाबूलाल लुगरिया, राज्य उपाध्यक्ष कामरेड सुमित्रा चोपड़ा, मजदूर नेता कामरेड रामेश्वर वर्मा, जिला अध्यक्ष कामरेड आत्मा सिंह, जिला महासचिव कामरेड शेर सिंह शाक्य और जिला कोषाध्यक्ष कामरेड बहादुर सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मिड डे मील वर्करों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने वर्करों के न्यूनतम वेतन, नियमितीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कामकाजी परिस्थितियों को बेहतर बनाने की मांग पर जोर दिया।

# आरएएस हरीराम चौहान के पदभार ग्रहण करने पर राजस्थान बावरी समाज समिति ने किया स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आरएएस हरिराम चौहान द्वारा श्रीगंगानगर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्रामीण विकास (ष्टश्वह)के रूप में पदभार ग्रहण पर राजस्थान बावरी समाज समिति के सदस्यों द्वारा ?ुलमाला पहनाकर स्वागत किया गया ।

महिला प्रदेशाध्यक्षा अमनदीप कौर ने बताया की श्रीगंगानगर जिले में पहली बार किसी बावरी समाज के आरएएस अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया है। यह बाबरी समाज के लिए गौरव का विषय है ।हरी राम चौहान बावरी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं।?हरी राम चौहान आरएएस 2011 बेंच के अधिकारी रहे हैं ।अपने विभिन्न पंचायत समितियां में विकास अधिकारी ,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में अपनी एक अनोखी छाप छोड़ते हुए सेवाएं दी हैं।

अमनदीप कौर ने बताया की आरएएस हरी राम चौहान एसीइओ का अभिनंदन एवं स्वागत करने के लिए राजस्थान बावरी समाज समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तेलू राम बावरी प्रदेश कोषाध्यक्ष, रामचंद्र प्रदेश मीडिया प्रभारी, गुरुचरण सिंह जिला श्रीगंगानगर उपाध्यक्ष, मुकुंद



सिंह सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य संरक्षक, नानक सिंह जिला सदस्य, शेर सिंह सदस्य , ओमप्रकाश सदस्य, हरिराम प्रदेश संगठन मंत्री, महिला प्रदेशाध्यक्षा अमनदीप कौर, अर्जन सिंह सदस्य, कृष्ण कुमार जिला सदस्य, गुरमेल सिंह व्याख्याता जिला संगठन मंत्री, एवं मोहन लाल चौहान प्रदेश सचिव इस अवसर पर उपस्थित हुए ।

# कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** शहीद दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्टपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावटी, शहर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल झोरड़,देहात ब्लॉक अध्यक्ष श्याम पुन्यानी, सोहनलाल नायक, हरीश अरोड़ा काकू, मानकचंद शर्मा, मुरारीलाल सोनी, मोहित अरोड़ा, सुरेश खटक, पवन बतरा, गुरप्रीतसिंह, मन्नू लूणा, मनोज भिड़ासरा, अशोक डागला, जाफर शरीफ और उशविंद्रसिंह बराड ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेजों से देश को आजाद करवाने के लिए महात्मा गांधी ने अनेक आंदोलनों का नेतृत्व किया। लंबे समय तक वे जेलों में रहे।यहां तक की अपने प्राण भी न्योछावर कर दिए। ऐसे महा पुरुष को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। आज भी दुनिया उनके आदर्श, विचारधारा और दर्शन की कायल है। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता श्याम शेखावटी ने की।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय बुड्ढा जोहड़ शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**रायसिंहनगर।** राजकीय कन्या महाविद्यालय बुड्ढा जोहड़ ( डाबला ) रायसिंहनगर में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार 30 जनवरी को शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया! जिसके अंतर्गत शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन एवं गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया गया एवं कार्यवाहक प्राचार्य श्री अशोक कुमार द्वारा राष्ट्रपिता का जीवन परिचय छात्राओं को दिया गया। इसी के साथ-साथ महाविद्यालय में चल रहे खेलकूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह के अंतर्गत आज कबड्डी, गोला फेंक, चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ! कबड्डी प्रतियोगिता ज्योतिबा फूले टीम व रानी लक्ष्मीबाई टीम के बीच हुई जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम विजेता रही ! गोला फेंक प्रतियोगिता में काजल प्रथम, राजवीर व नेहा द्वितीय,कोमल तृतीय स्थान पर रही ! चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता में महक,कोमल पारीक प्रथम व राजवीर कौर,लक्ष्मी, संजू द्वितीय स्थान पर रही! इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ डॉ.जसप्रीत कौर, डॉ. मोहित कुमार, श्री अजय राठौड़, डॉ.कमलजीत, डॉ. सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।



# खाद्य सुरक्षा योजना की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को सैंकड़ों की संख्या में युवाओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नियमों को व्यवहारिक बनाकर पात्र जरूरतमंद लोगों को लाभान्वित करने की मांग की। सर्वप्रथम सैंकड़ों युवा गोल बाजार स्थित गांधी चौक पर एकत्रित हुए तथा शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। यहां से जुलूस के रूप में जमकर नारेबाजी करते हुए युवा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की खामियों पर आक्रोश व्यक्त किया। जिला कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देते समय जिला कलेक्टर कार्यालय में जाने से रोकने पर युवाओं की पुलिस प्रशासन से तकरार भी हुई। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए पार्षद हेमंत रासरानियां, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सादुलशहर मेहताब गुरिया, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नवाब खान, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव पवन नंदीवाल आदि वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए नियम काफी अव्यवहारिक व अतार्किक हैं, जिनमें बदलाव किया जाना जरूरी है, क्योंकि इन नियमों के कारण बड़ी संख्या में पात्र परिवार इस योजना से वंचित रह जाएंगे। युवाओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन से मांग की कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र परिवारों के लिए वार्षिक आय सीमा को एक लाख से बढ़ाकर चार लाख रुपये करने, 1000 वर्ग फुट मकान की सीमा को बढ़ाकर 2500 वर्ग फुट करने सहित समस्त अव्यवहारिक नियमों में अविलम्ब सुधार किया जाए तथा खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जोडने के लिए वार्डवाईज शिविर लगाए जाएं, ताकि पात्र जरूरतमंद परिवारों के नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) में जुड़ सकें। इसके साथ-साथ इस योजना के नियमों में शिथिलता प्रदान करके अनावश्यक रूप से नाम काटने की प्रक्रिया में सुधार करके पात्र लोगों के नाम नहीं काटने की मांग भी की गई। इस अवसर पर पार्षद हेमंत रासरानियां, पंचायती राज कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामदेव ढाका, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सादुलशहर मेहताब गुरिया, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नवाब खान, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव पवन नंदीवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सहारण, डायरेक्टर सुरेंद्र भदरवाल, सेवादल कांग्रेस से भीम वर्मा, पार्षद दलीप लावा, पार्षद प्रतिनिधि हरीश अरोड़ा काकू, दीप ढुंढाड़ा, मन्नू लुणा, मोनू दायमा, राहुल स्वामी, इमरान खान, अजय तंवर, मोहित कलानिया, भवानी सिंह, अंकुर बजाज, हिमांशु सिसोदिया, तनवीर खान, अक्षय नोखवाल, दक्ष सैन, विशेष बिश्नोई, मनीष योगी, हर्ष वर्मा, अमन मडावरा, विजय कुमार, अनमोल सिंह, साहिल मांगलिया, दीप सापुनिया, अमित लिम्बा, अंशु कुमार, जतिन गोयल, लविश नायक, दिपांशु सुडा, सोनू सापुनिया, राहुल, कुलदीप सैन, प्रवीण भाटी, नीरज सहारण, विनय सोलंकी, हिमांशु मावर, जितेन्द्र भाटी, संजय आचार्य, रमन बराड़, अरूण लावा, राधेश्याम, दशमेश, अविनाश बराड़, विशाल कटारिया, नितेश सहारण, विजय मेहरड़ा सहित सैंकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित थे।



# खान विभाग ने 23 प्रतिशत विकास दर के साथ 6988 .72 करोड़ का राजस्व संग्रहित

## वित वर्ष के शेष समय की कार्ययोजना जारी टी. रविकान्त

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया है कि माइंस विभाग द्वारा 23 प्रतिशत विकास दर के साथ चालू वित्तीय वर्ष में 29 जनवरी तक 6988 करोड़ 72 लाख रु. का रेवेन्यू संग्रहित किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष के शेष समय के लिए विभाग द्वारा रेवन्यू संग्रहण की कार्यालयवार कार्ययोजना बनाकर जारी करने के साथ ही अधिकारियों को कार्ययोजना के अनुसार शतप्रतिशत वसूली के निर्देश दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त रेवेन्यू कलेक्शन की वर्चुअली समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के 5697 करोड़ 67 लाख की तुलना में इस वर्ष अब तक 1291 करोड़ रु. अधिक राषि राजकोष में जमा की गई है। माइंस विभाग राज्य सरकार का प्रमुख रेवेन्यू अर्जित करने वाला विभाग है ऐसे में कार्ययोजना में अधिकारियों को रेवेन्यू अर्जन के लिए किये जाने वाले विशेष प्रयास चिन्हित कर स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि फील्ड स्तर पर किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चालू बकाया के साथ ही पुरानी बकाया राशि, एमनेस्टी योजना में आने वाली राशि और शास्तियों की राषि की वसूली पर भी विषेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि विभाग द्वारा नियमित मोनेटरिंग, वैध खनन को बढ़ावा देने के लिए योजनावद्ध तरीके से ऑक्शन, छीजत रोकने के कारगर प्रयासों का ही परिणाम है कि खान विभाग द्वारा रेवेन्यू अर्जन में नया रेकार्ड कायम किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को सख्ती से निर्देश दिए गए हैं कि रेवेन्यू अर्जन में किसी तरह की लापरवाही और छीजत को सहन नहीं किया जाएगा। वर्चुअल बैठक में उदयपुर जोन के रेवेन्यू वसूली की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर संयुक्त सचिव माइंस श्रीमती आशु चौधरी, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, जेएलआर गजेंद्र सिंह, मुख्यालय व उदयपुर जोन के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।



# संस्कृति तथा संस्कार रक्षा के लिए भारत माता पूजन पर दिया बल

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीगंगानगर में बृहस्पतिवार को भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। महाविद्यालयी छात्राओं तथा व्याख्याताओं ने भारत माता की आरती की एवं पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा संगठन (आरएसएस) श्रीगंगानगर इकाई के विभाग संचालक एवं सीमाजन कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष चिमनलाल शर्मा ने 'भारत को माता का विश्लेषण क्यो प्राप्त है' विषय पर सारगर्भित व्याख्यान किया। उन्होंने छात्राओं एवं व्याख्याताओं को सम्बोधित करते हुए भारतीय होने के कर्तव्य तथा सामाजिक जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करने का मार्ग प्रशस्त किया तथा उच्च कोटि के आदर्श विचारों को आत्मसात करने करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सच्ची ताकत है तथा युवाओं को अपनी स्वयं की ताकत को पहचानना एवं बढ़ाना होगा। उन्होंने संस्कृति तथा संस्कार रक्षा के लिए भारत माता पूजन पर बल दिया तथा महाभारत के भीष्म पितामह का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत माता की सीमा की रक्षा करना हर पुत्र का कर्तव्य है। क्योंकि देश की सीमाएं माता के वस्त्रों के समान होती हैं तथा सीमाओं को जोड़े रखने से ही हम भारतवासी अखण्ड समाज एवं राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे। हर भारतीय को सेतु बांधने का काम करना होगा। चाहे खेल के माध्यम से हो या कला के माध्यम से।



# साथिनों को दिये जाने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ




जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा साथिनों को दिये जाने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। उक्त सक्षम साथिन विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 30.01.2025 से 03.02.2025 तक सामुदायिक भवन, न्यू सिविल लाईन, हनुमानगढ़ जंक्शन में करवाया जा रहा है। साथिन प्रशिक्षण का उद्देश्य साथिन को सशक्त बनाना जिससे वे उत्साह के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक एवं सशक्त करने का प्रयास कर सके। विभाग द्वारा संचालित शिक्षा, कौशल विकास, आजीविका, सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर समग्र समझ बना सके। समुदाय स्तर पर कार्य करने के प्रभावी संप्रेषण के तरीकों एवं डिजिटल उपयोग पर स्पष्टता विकसित कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशालय महिला अधिकारिता के प्रति समझ, विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, जीवन कौशल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर समझ, आवासीय प्रशिक्षण की प्रभावित आदि मुद्दों पर आधारित है। प्रशिक्षण में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

# 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा सहकारिता विभाग

## कॉनफेड की 39वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित: वर्ष 2023-24 में कॉनफेड ने अर्जित किया 22.26 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव, रजिस्ट्रार सहकारी समितियां एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) की प्रशासक श्रीमती मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारिता की भावना केवल लाभ अर्जित करना नहीं है, अपितु सहकारी संस्थाओं को प्रत्येक कार्य क्षेत्र में लाभ अर्जन एवं रोजगार सृजन के प्रयास करने चाहिए। श्रीमती राजपाल मंगलवार को नेहरू सहकार भवन में आयोजित कॉनफेड की 39वीं वार्षिक साधारण सभा को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सहकारिता विभाग 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में निरन्तर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर परिणाम अर्जित करने के लिए सहकारी संस्थाओं के मध्य भी सहकार की भावना होनी चाहिए। कॉनफेड प्रशासक श्रीमती राजपाल ने विगत वर्ष में बेहतर लाभ अर्जन के लिए सभी को बधाई दी और कॉनफेड के अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि चालू वर्ष में भी कॉनफेड भरसक प्रयास कर बेहतर परिणाम हासिल करेगा।





श्रीमती राजपाल ने कहा कि कॉनफेड बेहतर कार्य कर अन्य सहकारी संस्थाओं के लिए भी फेसिलिटेटर की भूमिका निभाए। साथ ही, उन्होंने नवाचारों पर फोकस करते हुए संघ के कार्यकलापों में नई गतिविधियां शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन में ऐसी गतिविधियों को शामिल किया जाना चाहिए, जिनसे रोजगारों का सृजन हो और सदस्यों को लाभ अर्जन हो। श्रीमती राजपाल ने कहा कि जब हम अच्छा काम करते हैं तो कई तरह की चुनौतियां और बाधाएं भी आती हैं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप कॉनफेड एवं भण्डारों को आरजीएचएस की बकाया 59 करो? की राशि के भुगतान के आदेश जारी हो गए हैं और भुगतान मिलना भी शुरू हो गया है। साधारण सभा में कॉनफेड की प्रबंध संचालक श्रीमती शिल्पी पांडे ने बताया कि वर्ष 2023-24 में संस्था का कुल शुद्ध लाभ लगभग 22.26 करोड़ रुपये रहा है। वर्ष 2023-24 हेतु सदस्य संस्थाओं को अधिकतम लाभांश 7.50 प्रतिशत वितरित किया जाएगा। बैठक में गत वार्षिक साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि, वर्ष 2023-24 के ऑडिटेड अंतिम लेखे का अनुमोदन, वर्ष 2023-24 के माह नवम्बर, 2024 तक के खर्चों, कार्यकलापों व उपलब्धियों का अनुमोदन, वर्ष 2024-25 के व्यावसायिक लक्ष्यों व बजट आवंटन का अनुमोदन किया गया। बैठक में सदस्यों द्वारा अपने बहुमूल्य सुझाव भी प्रस्तुत किये गए।प्रारम्भ में प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां ने दीप प्रज्ज्वलन कर वार्षिक साधारण सभा का विधिवत शुभारम्भ किया। वार्षिक साधारण सभा में वित्त विभाग एवं खाद्य विभाग के प्रतिनिधियों के साथ ही उपभोक्ता भंडारों एवं केवीएसएस के निर्वाचित अध्यक्ष, प्रशासक एवं कॉनफेड के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय हिंदुमलकोट में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

## सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह का आगाज

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजकीय महाविद्यालय, हिंदुमलकोट में सांस्कृतिक एवं खेल सप्ताह के प्रथम दिवस साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में महाविद्यालयी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम दिवस कविता, भाषण, तथा एकल व समूह गीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निर्णायकों द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार कविता प्रतियोगिता में हरमन, गीता व श्रुति विजेता रहे एवं सांत्वना पुरस्कार रजनी व रिंकू को मिला। भाषण विजेता में प्रथम स्थान करण, द्वितीय स्थान रजनी एवं तृतीय स्थान गीता व सुखविंदर ने प्राप्त किया। इसी प्रकार एकल गीता प्रतियोगिता में प्रथम गुरप्रीत, द्वितीय शालू व तृतीय तरनप्रीत रहे तथा समूह गीत प्रतियोगिता में रजनी समूह ने प्रथम स्थान, श्रुति समूह ने द्वितीय स्थान तथा परमजीत समूह व गीता समूह ने तृतीय स्थान हासिल किया।



राजकीय महाविद्यालय, हिंदुमलकोट प्रिंसिपल एवं स्टाफ सदस्यों ने समस्त विजेताओं एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन छात्रों-छात्राओं की रचनात्मकता और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है तथा आगामी दिनों में भी अनेक रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालयी छात्र-छात्राएं तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## ईडी अधिकारी की शिकायत करने वाला गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** शिमला स्कॉलरशिप घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने पंचकूला में 13 घंटे रेड की। यह रेड इस मामले के आरोपी ईडी के पूर्व सहायक निदेशक विशाल दीप के खिलाफ शिकायत करने वाले विशाल बंसल के घर हुई। सुबह 9 बजे पहुंची टीम रात करीब नौ बजे बाहर निकली। दिन भर पूछताछ और कागजों को देखने के बाद ईडी की टीम ने कालाआंब स्थित हिमाचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के संचालक रजनीश बंसल के भाई विकास बंसल को गिरफ्तार करके लेकर चली गई। विकास बंसल को 2 सप्ताह पहले गैंगस्टर लॉरेंस के गुर्गे रोहित गुर्जर ने फोन कर ईडी के सहायक निदेशक के खिलाफ दी शिकायत वापस लेने के लिए धमकाया था। विशाल कारोबारी रजनीश बंसल के भाई हैं। उनसे धमकी देने वाले ने कहा था कि तुम्हारा परिवार जिस केस की पैरवी कर रहा है, उस केस से हट जाए। नहीं तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। अगर अपनी जान की सलामती चाहते हो तो 50 लाख रुपए देने होंगे।

# भाजपा भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनायेगी



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जनता पार्टी इस वर्ष को भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनायेगी। जिसके तहत वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर श्री वाजपेयी को स्मरण किया जायेगा। भाजपा ने इन आयोजनों के लिए प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है जिसका संयोजक राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी को बनाया गया है। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को इस समिति का बीकानेर संभाग का संयोजक बनाया गया है। पार्टी जिला कार्यालय में कल सायं स्वामी सुमेधानंद सरस्वती जी की उपस्थिति में इस सम्बंध में में आयोजित बैठक में विस्तृत चर्चा कर इस समिति की जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसका संयोजक शिव स्वामी को बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में मोहन लाल वेदी, चिमन मधु,श्रीमती आरती शर्मा, सुभाष गुप्ता, बद्री विशाल शर्मा, दीनानाथ बलाना, राम प्रकाश गोदारा तथा चन्द्र शेखर गौड़ को शामिल किया गया है।इस बैठक में जिलाध्यक्ष शरण पाल सिंह, जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# भभूता सिद्ध डेरा के महंत भींयादास गद्दीनशीन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन भभूता कालोनी स्थित भभूता सिद्ध डेरा, श्री श्री 108 बाबा प्रेमदास जी आश्रम में श्री श्री 108 महंत भींयादास पिता हंसदास महाराज गद्दीनशीन हो गए। बाबा प्रेमदास महाराज के देवलोकगामन के लगभग दो माह पश्चात हरियाणा. मध्यप्रदेश व हनुमानग? डेरा प्रबंधक कमेटी सदस्यों व डेरा अनुयायियों की मौजूदगी में गुरु महाराज को नमन कर बाबा भींयादास ने गुरु की गद्दी संभाली। विदित है कि भींयादास महाराज को 1987 में बाबा रामेदव मन्दिर गांव धौतड़ तहसील रानियों जिला सिरसा (हरियाणा) में (नामदेव नामदान की दीक्षा दी)। उस समय से लेकर आज तक भींयादास महाराज गुरू सेवा में भभूता सिद्ध मन्दिर बाबा प्रेमदास आश्रम टाउन एवं बाबा रामदेव मन्दिर गांव धौतड़ तहसील रानियाँ जिला सिरसा (हरियाणा) में गुरू सेवा में रहे।। आज से भींयादास महाराज डेरा मोहनदास कबीर आश्रमः गांव भाम्भू वाली ढाणी तहसील व जिला हनुमानगढ़ के समक्ष आने वाले भभूता सिद्ध मन्दिर बाबा प्रेमदास आश्रम, चुंगी नं. 6, बाबा रामदेव मन्दिर गांव धौतड़ तहसील रानियां जिला सिरसा,कबीर आश्रम, गांव पनवाडा तहसील कहराल जिला श्योपुर मध्यप्रदेश का सर्वसहमती से तीनो आश्रमों का संरक्षक व गद्दी संचालक, प्रशासनिक कार्यों व डेरों का निर्माण आदि की तमाम शक्तियों का निर्वहन करते हुए सार संभाल करेंगे।



# बिश्नोई मंदिर प्रांगण में हवन, पाहल को लेकर बैठक

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** आज मौनी अमावस्या के दिन पदमपुर रोड स्थित बिश्नोई मंदिर प्रांगण श्रीगंगानगर में हवन,पाहल एवं महत्वपूर्ण बैठक की गई। अखिल भारतीय बिश्नोई युवा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश गोदारा ने बताया कि गुरु जंभेश्वर भगवान की पर्यावरण संरक्षण,जीव जंतुओं,प्राणिमात्र की रक्षा हेतु शिक्षाएं वर्तमान युग में बहुत प्रासंगिक है तथा मां अमृता देवी बिश्नोई ने अपने प्राणों सहित पेड़ों की रक्षा हेतु 363 बिश्नोईयों का बलिदान दिया गया था जो विश्व में अबतक का पेड़ व पर्यावरण को लेकर अद्भुत बलिदान था।बैठक में सोलर कंपनियो के द्वारा राजस्थान प्रदेश में खेजड़ी के वृक्षों की कटाई पर रोष व्यक्त किया गया तथा पेड़ो की कटाई की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण विचार लिए।इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी जीव प्रेमी एवं पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले मातृशक्ति युवा शक्ति उपस्थित रहे।इस अवसर पर एडवोकेट मुकेश गोदारा,निहालचन्द गिला, शिवचंद्र कड़वासरा,अल्केश बिश्नोई,साहिल पुनिया, सुभाष बिश्नोई,देवीलाल बिश्नोई, इंद्रजीत बिश्नोई,सुरजाराम बिश्नोई,डॉ सुनील बिश्नोई,सुनीता बिश्नोई,अंजू बिश्नोई,सुमन भादू इत्यादि उपस्थित रहे।।



# जाट समाज के खिलाफ टिप्पणी करने पर विधायक बंसल के खिलाफ प्रदर्शन

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** जाट समाज के खिलाफ टिप्पणी करने पर हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल के खिलाफ जाट क्लब ने उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया। जाट क्लब के अध्यक्ष विनोद भांभू , उपाध्यक्ष अनिल गोदारा, कन्या जाट छात्रावास के गणेशाराम ढुकिया के नेतृत्व में जाट समाज के सैकड़ो लोगों ने जाट समाज के खिलाफ टिप्पणी करने वाले हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल के खिलाफ आक्रोशित प्रदर्शन करके नारे लगाते हुए उपखंड अधिकारी के नाम का ज्ञापन राजस्व तहसीलदार कुलदीप कस्वा को दिया। प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन में अवगत कराया के हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल में घटिया सोच के तहत जाट समाज पर अशोक बनिया टिप्पणी की है इसका जाट समाज हिसाब चुकता करेगा, अपनी राजनीति के स्वार्थ के लिए जाट समाज के खिलाफ टिप्पणी कर के आपस में लड़ने का काम किया जा रहा है जबकि जाट समाज छत्तीसगढ़ को साथ लेकर चलने वाले हैं, हमारे जाट समाज के कन्या छात्रावास में हर जाति वर्ग की छात्राएं रह रही है।सामाजिक ताना-बा ना तोड़ने के लिए घटिया बयान बाजी करके समाज में नफरत फैलाने कर आपसी भाईचारा समाप्त करने का षड्यंत्र रचने वाले हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल को सार्वजनिक रूप से माफी मांग कर अपने पद से इस्तीफा देना होगा। प्रदर्शन के दौरान भंवरलाल गोदारा, चेतराम सियाग, दिलीप भादू , सुभाष भादू , कृष्ण लाल झुरिया, राजकुमार राव, चेतराम झोरड़, सुनील बाबल, अर्जुन ढुकिया, विनोद गोदारा, संदीप बुडानिया, ओमप्रकाश नेहरा, कृष्ण लाल झुरिया, नवीन बेनीवाल दिलीप भादू भंवरलाल गोदारा, ओम प्रकाश भादू , सुभाष भादू ,विकास, हरीश भांभू , रोहित चौधरी सहित काफी संख्या में जाट समाज के युवा और प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।



## हरियाणा में महिला कैदी गैंगरेप पर मानवाधिकार आयोग गंभीर

# डीजीपी और जेल डीजी से मांगी रिपोर्ट; पुलिस वैन में नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर की वारदात

**चंडीगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** हरियाणा पुलिस वैन में महिला कैदी से हुई गैंग रेप में हरियाणा मानवाधिकार आयोग गंभीर हो गया है। आयोग ने पुलिस महानिदेशक और जेल डीजी से हिरासत में महिला कैदियों से यौन शोषण रोकने से संबंधी उठाए गए कदमों की रिपोर्ट तलब कर ली है। आयोग ने यह रिपोर्ट पिछले साल पुलिस वैन में सजा काट रही महिला कैदी से गैंग रेप से संबंधित आरोपों से जुड़ी हुई है। मानवाधिकार आयोग को इसकी ई-मेल से शिकायत मिली थी। अब आयोग ने 4 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई तक रिपोर्ट देने को कहा है। पुलिस वैन में महिला कैदी से गैंगरेप का यह मामला फरवरी 2023 का है। ड्रग तस्करी के लिए 15 साल की सजा काट रही एक महिला अपराधी से मनीष और सतीश नामक कैदियों ने पीजीआईएमएस रोहतक के परिसर में पुलिस वैन में कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया था। दोनों कैदियों ने कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर महिला कैदी को बेहोश कर रेप किया था। महिला कैदी ने आरोप लगाया था कि दोनों आरोपी जेल अफसरों से नजदीकी का फायदा उठाकर मेडिकल में ड्यूटी लगवाते थे। वहीं जेल में महिला वार्डन भी फोन पर आरोपियों की उसके परिवार से बातचीत कराती थी। हरियाणा मानवाधिकार आयोग का कहना है कि यह घटना पुलिस की हिरासत प्रबंधन की महत्वपूर्ण खामियों को उजागर करती है। पुरुष कैदियों का महिला कैदी पर कथित यौन हमला उसके व्यक्तिगत सुरक्षा के अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। इस मामले में पुलिस और जेल विभाग को गंभीर कदम उठाने चाहिए। आयोग इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है, दो महीने बाद होने वाली सुनवाई में इस पर बड़ा फैसला लिया जाएगा।

# नगर परिषद ने की 35 किलो प्लास्टिक थैलिया की जब्त

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** नगर परिषद द्वारा प्लास्टिक की पॉलिथीन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज टाउन व जंक्शन क्षेत्र में विशेष कार्रवाई की गई। नगर परिषद की टीम ने टाउन व जंक्शन बाजार में निरीक्षण कर अवैध रूप से उपयोग हो रही पॉलिथीन की थैलियों को जब्त किया। इस दौरान मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रेमलता पुरी ने बताया कि नगर परिषद आयुक्त के आदेशानुसार पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगा हुआ है, जिसके तहत बाजारों में अभियान चलाया जा रहा है।इस कार्रवाई के दौरान जंक्शन व टाउन बाजार से करीब 35 किलो पॉलिथीन बरामद की गई। इसके अलावा, टाउन सब्जी मंडी, सुभाष चौक, इंदिरा चौक,जंक्शन तिलक सर्कल और जंक्शन सब्जी मंडी में निरीक्षण कर पॉलिथीन जब्त की गई। नगर परिषद की टीम ने व्यापारियों और ग्राहकों को पॉलिथीन के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और पर्यावरण के हित में कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने की सलाह दी। अभियान के दौरान सफाई निरीक्षक जगदीश सिराव, नवल किशोर, ओमप्रकाश और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद द्वारा यह कदम पर्यावरण को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उठाया गया है। आमजन से अपील की गई कि वे पॉलिथीन का उपयोग न करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।



# श्री राम के वन गमन प्रसंग को प्रस्तुत किया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्रीगंगानगर में आयोजित सात दिवसीय कथा में कथा वाचन करते हुए श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी गरिमा भारती जी ने प्रभु श्री राम के वन गमन प्रसंग को प्रस्तुत किया। यह प्रभु का वन गमन प्रसंग हमें जीवन के अंदर मिलने वाले सुख और दुख की ओर संकेत करता है। प्रभु इस लिल के माध्यम से हमें समझाना चाहते हैं जीवन के अंदर यदि सुख आता है तो उसके साथ दुख का आना भी स्वाभाविक है। एक सच्चा भक्त वही है जो इन दोनों परिस्थितियों को प्रभु का कृपा प्रसाद समझकर ग्रहण करता है। प्रभु श्री राम जी को राज्य अभिषेक कर राजा बनाया जाने लगा या चौदह वर्ष का वनवास दिया गया , दोनों को ही प्रभु ने सहर्ष स्वीकारा। प्रभु श्री राम जी के अवतार का उद्देश्य बताते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं (विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार) प्रभु ने देवताओं, मुनियों व गौ माता की रक्षा के लिए मनुष्य अवतार को धारण किया । इस वन गमन के दौरान प्रभु श्री राम जी ने एक प्रण लिया कि मैं इस वन प्रांत को असुरों के आतंक से मुक्त कर शांति के साम्राज्य को स्थापित करूंगा। और इसके तहत प्रभु श्री राम जी ने गौ माता की रक्षा की। आज प्रभु श्री राम का यह प्रण हमें भी गौ माता की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। गाय जो हमारी संस्कृति का आधार स्तंभ है, हमारे देश की समृद्धि का आधार है, जनमानस के स्वास्थ्य के लिए जो अपनी विशेष भूमिका निभाती है, पर्यावरण को सुरक्षित रखने का एक अहम योगदान देने वाली है। आज वही भारतीय नस्ल की देसी गाय भारत से लुप्त प्राय होती चली जा रही है। गौ माता के रक्षण व नस्ल सुधार के द्वारा संवर्धन के लिए दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा एक कामधेनु प्रकल्प चलाया जा रहा है। जिसके तहत देसी गायों की सुरक्षित किया जा रहा है।





वन यात्रा के दौरान प्रभु श्री राम अपने भक्त निषाद राज,केवट इत्यादि से मिलते हैं तदुपरांत प्रभु चित्रकूट पर्वत पर जाकर के वास करते हैं। जहां भरत जी प्रभु श्री राम को वापस अयोध्या लेकर जाने के लिए आते हैं। लेकिन प्रभु श्रीराम उसे अपनी चरण पादुका देकर अयोध्या का राज्य अपनी धरोहर के रूप में देकर वापस लौटा देते हैं। भक्तजनों केवट व भरत जैसे भक्तों का विश्वास जो प्रभु श्रीराम के प्रति था, वह एक मिसाल बन गया।

आज आवश्यकता है प्रभु श्री राम जी के भक्तों के जैसा अनन्य भक्त बनने की जो केवल और केवल प्रभु की मांग करते हैं।

कथा में डॉ ब्रजमोहन सहारण, संजय महीपाल,बलराज मित्तल,संत मोदी,नरेन्द्र लीला, विजय गोयल, डॉ अशोक अरोड़ा, विजय टंडन,सरदार प्रीतम सिंह गिल,पुजारी हरिलाल जी,साहिल बंगाली,रामेश्वर भादू और धर्मेन्द्र सहारण ने पूजन कर दीप प्रज्वलित किया।

कथा में संस्थान के सामाजिक प्रकल्पों को दर्शाती प्रदर्शनी भी लगाई गई है और संस्थान द्वारा प्रकाशित आध्यात्मिक पुस्तकों का स्टॉल भी लगाया गया है।सारी संगत के लिए चाय प्रसाद की उचित व्यवस्था की गई है।

प्रभु की मंगल आरती में डॉ ओ पी गोयल,भोजराज जैन,जगीर फार्मा, जगदीश सिंह रावत और अनुराधा शर्मा ने भाग लिया।

स्वामी धीरानंद जी ने बताया कि 31 जनवरी को कथा के बाद सारी संगत के लिए भंडारे का प्रबन्ध किया जायेगा और 1 फरवरी को सुबह 9 बजे हवन यज्ञ के बाद पूर्णाहूति के साथ कथा को विश्राम दिया जायेगा।

# राजियासर-अर्जुनसर के बीच आरयूबी के कारण लिया ब्लॉक

- सरायरोहिल्ला-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन रहेगी आंशिक रद्द
- लालगढ़-अबोहर ट्रेन चलेगी देरी से

**जनमार्ग न्यूज।**




**सूरतगढ़।** सूरतगढ़ बीकानेर रेल ट्रेक पर राजियासर और अर्जुनसर स्टेशन के बीच फाटक संख्या 113 पर रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) निर्माण कार्य के चलते शनिवार 1 फरवरी को ट्राफिक का ब्लॉक लिया गया है। ऐसे में एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन और एक पैसेंजर ट्रेन प्रभावित होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के मुताबिक आर यू बी निर्माण कार्य के कारण गाड़ी संख्या 12455 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेल सेवा 31 जनवरी को दिल्ली से रवाना होने के बाद 1 फरवरी को सूरतगढ़ तक ही संचालित होगी। यह रेल सेवा सूरतगढ़ से बीकानेर के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार वापसी में यह ट्रेन सूरतगढ़ से ही दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए 1 फरवरी की देर शाम को रवाना होगी। वहीं, गाड़ी संख्या 54702 लालगढ़-अबोहर पैसेंजर ट्रेन 1 फरवरी को लालगढ़ (बीकानेर) से अपने निर्धारित समय

# कारों में आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत

- स्पीड में डिवाइडर पार कर सामने आ रही दूसरी कार से टकराई

**जनमार्ग न्यूज।**



**बीकानेर।** बीकानेर में हुए एक सड़क हादसे में एक की मौत हो गई। स्पीड में कार डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रही दूसरी कार से जा टकराई। घटना जिले के गंगाशहर थाना क्षेत्र में शाम 4.30 बजे नोखा रोड की है। हादसा एसबीआई बैंक के सामने हुआ। इस टक्कर में 7 लोग घायल हो गए। हादसा इतना दर्दनाक था कि दो कारों की टक्कर होते ही तेज आवाज आई। इसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने कार सवारों को बाहर निकाला और हॉस्पिटल भिजवाया। जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान मारूति कार काफी स्पीड में थी। ये पूरा हादसा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वीडियो में भी साफ नजर आ रहा है कि मारूति स्पीड में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर गई और सामने से आ रही इनोवा कार से टकरा गई। हादसे में गंगाशहर निवासी जितेंद्र स्वामी पुत्र पुखराज की मौत हो गई। वहीं हादसे में लक्ष्मण, मुन्नी देवी, पार्थ जोशी, दर्शना, कोमल, अनिल शर्मा व रंजीत सिंह घायल हो गए। इस नेशनल हाईवे पर ट्रक और ट्रोले खड़े रहते हैं। इसके कारण मुख्य सड़क पर हर समय वाहन खड़े रहते है और गाड़ियों के निकलने की जगह भी नहीं रहती। कई बार इन्हीं के कारण इस रोड पर हादसे होते हैं। स्थानीय निवासियों ने यहां से ट्रोले हटाने की मांग कई बार की है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# गलती से कीटनाशक दवा पीने से मृत्यु

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** जिले के जैतसर थाना क्षेत्र में चक 11 जोइयावली में 60 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति ने गलती से कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।जांच कर रहे हवलदार रामसिंह ने बताया कि 60 वर्षीय जलाराम ने विगत दिवस घर में रखी कीटनाशक दवा गलती से पी ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।वह 28 जनवरी को इलाज के दौरान दम तोड़ गया। उसके परिवार के सदस्य कहीं बाहर रहते हैं। उनके आने पर उसके पुत्र श्रीराम बावरी (30)द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई। पोस्टमार्टम होने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई।

सांध्य दैनिक जनमार्ग व प्रात:कालीन जनमार्ग में अपडेट व ताजा खबरों के लिए देखें:-
Web:- www.janmarg.com
Youtube:- Janmarg News

# पल्लू डाकघर में गबन, उप डाकपाल के विरुद्ध केस दर्ज

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के पल्लू कस्बे में डाकघर में उप डाकपाल द्वारा 2 लाख से अधिक की सरकारी राशि का गबन करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक डाक विभाग के रावतसर उप मंडल कार्यालय में निरीक्षक नरेश मीणा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पल्लू डाकघर में उप डाकपाल के पद पर रहे रविदत्त निवासी में पोस्ट हुडिना तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा के विरुद्ध सरकारी राशि का गबन करने के आरोप में धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में निरीक्षक नरेश मीणा ने बताया है कि रवि दत्त ने पल्लू डाकघर में पद स्थापित रहते 17 अप्रैल 2022 से 3 नवंबर 23 के दौरान 2 लाख 11 हजार 398 रुपए की सरकारी राशि का दुरुपयोग किया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक पल्लू डाकघर में गड़बड़ी पकड़ में आने पर विभागीय जांच करवाई गई, जिसमें दोषी पाए जाने पर रविदत्त को 2023 में ही निलंबित कर दिया गया था। हालांकि रवि दत्त ने बाद में गबन की हुई राशि विभाग के कोष में जमा भी करवा दी थी। विभागीय सूत्रों ने बताया कि रविदत्त ने पल्लू डाकघर में आने वाले पार्सल उप डाकघर को डिलीवर किये और इससे प्राप्त हुई राशि को विभागीय कोष में जमाना करवारकर व्यक्तिगत उपयोग में ले लिया।

# महाजन रेंज में युद्धाभ्यास के दौरान सैनिक की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** बीकानेर जिले में महाजन थाना अंतर्गत महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के वेस्ट कैंप में सेना द्वारा युद्धाभ्यास किए जाने के दौरान एक सैनिक की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार 18 मीडियम तोपखाना रेजीमेंट के एक कैप्टन विपिन जाट (28) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। विपिन जाट ने बताया कि उनकी रेजीमेंट में नाइट सूबेदार काले चंद्रकांत महादेव (41) निवासी माधवनगर कालेमाल पुलिस थाना वडूज जिला सतारा,महाराष्ट्र विगत 29 जनवरी की रात को युद्धाभ्यास में शामिल था। रात करीब 9.40 बजे अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई और वह बेहोश होकर गिर गया। उसे तत्काल वेस्ट कैंप के एमई रूम में ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसका चेकअप कर इलाज शुरू किया।

# स्कूल से अज्ञात व्यक्ति द्वारा गहने और नगदी चोरी



**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में गोलूवाला थाना क्षेत्र के खारा चक कान्हेवाला में एक स्कूल से सोने- चांदी के जेवर तथा नगदी राशि चोरी होने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार गांव कान्हेवाला निवासी मदनलाल ने रिपोर्ट देते हुए बताया है कि कल गुरुवार शाम करीब 4 बजे अज्ञात व्यक्ति स्कूल में प्रवेश कर कमरे के ताले तोड़कर वहां रखे सोने चांदी के जेवरात तथा 4 हजार रुपए नगद चोरी कर ले गया। पुलिस के अनुसार मदनलाल ने बताया है कि चुराए गए गहनों में सोने का एक कड़ा, एक चैन, झुमको की जोड़ी, चांदी की पाजेब जोड़ी और बाजूबंद शामिल है। घटना की जांच एएसआई धर्मपाल द्वारा की जा रही है।

# डिग्गी से पानी निकलने युवती की डूबने से मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले में एक युवती की डिग्गी से पानी निकलते समय डूब जाने से मृत्यु हो गई।घटना हनुमानगढ़ सदर थाना क्षेत्र के चक 1- एलजीडब्ल्यू की है। पुलिस के मुताबिक गांव निहालपुरा के वार्ड नंबर 2 निवासी राकेश नायक (23) नेरिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके परिवार की मंजू (पत्नी हनुमान) नायक निवासी चक 1- एलजीडब्ल्यू लोंगवाला हैड कल एक डिग्गी पर पानी लेने के लिए गई थी।

# मादक पदार्थ बेचने के मामलों में दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** पुलिस ने अवैध रूप से मादक पदार्थ बेचने के मामलों में दो महिलाओं सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था। यह धरपकड़ पुलिस ने जिले में 1 से 31 जनवरी तक वांछित अपराधियों की धरपकड़ के चलाए गए अभियान के तहत की गई ।इसके लिए जिले में एक टीम का गठन किया गया था। टीम में शामिल जवाहरनगर थाना के सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि 15 हजार के इनामी वांछित अभियुक्त नक्षत्रसिंह निवासी मल्लेवाला जिला फिरोजपुर, पंजाब को गिरफ्तार किया गया है। वह पिछले वर्ष एक तस्कर के 30 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) सहित पकड़े जाने के मामले में वांछित था। नछत्तरसिंह पर पूर्व में पंजाब में भी कुछ मामले दर्ज हैं। इसी प्रकार जवाहरनगर थाना क्षेत्र में छजगिरिया बस्ती निवासी आदतन तस्कर उषा को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उषा की गिरफ्तारी जवाहरनगर थाना में ही कुछ दिन पहले अवैध रूप से एक युवक के हैरोइन सहित पकड़े जाने के मामले में की गई है। उषा पर भी पूर्व में मादक पदार्थों की तस्करी तथा बिक्री के मामले दर्ज हैं। इसी प्रकार पुलिस ने वर्ष 2023 में सदर थाना में एक युवक के हैरोइन सहित पकड़े जाने के मामले में निकटवर्ती चक 2-जी निवासी एक युवती मनदीपकौर को भी गिरफ्तार किया है। मनदीपकौर ने उक्त युवक को अवैध रूप से हैरोइन बेची थी। उस पर भी पूर्व में एक आपराधिक मामला दर्ज है।

# नशीली गोलियों सहित पकड़े गए शख्स की अचल संपत्ति फ्रीज



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री करने वाले अपराधियों की चल अचल संपत्तियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा एफ-68 के तहत फ्रीज करने की जिला पुलिस की कार्यवाही जारी है। आज लगातार दूसरे दिन पुलिस ने ऐसे एक और शख्स की अचल संपत्ति को फ्रीज किया। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के अनुसार सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र के गांव घमंडियां निवासी भूपसिंह के एक भूखंड को फ्रीज किया गया है, जिसमें एक कमरे का निर्माण भी हो रखा है। इस संपत्ति की कीमत पुलिस ने 19 लाख 50 हजार रुपए आंकी है। पुलिस ने बताया कि भूपसिंह पिछले वर्ष 26 जुलाई को 25 हजार 100 नशीली गोलियों सहित पकड़ा गया था।

# महिला टीचर को बंधक बनाकर दिनदहाड़े लूट

- तलवार दिखाकर लूटे लाखों के गहने और नगदी लूटे

**जनमार्ग न्यूज।**



**अबोहर।** अबोहर में एक महिला अध्यापिका के साथ दिनदहाड़े लूट की वारदात सामने आई है। जैन नगरी की गली नंबर 2 में रहने वाली भाग सिंह कॉलेज की अध्यापिका ज्योति चुघ के साथ यह घटना दोपहर करीब 3 बजे हुई। घटना के समय ज्योति कॉलेज से लौटकर आई तो घर में अकेली थी। इसी दौरान दो युवक उनके घर पहुंचे और उनके ससुर सोहन लाल चुघ के बारे में पूछताछ की। जैसे ही ज्योति ने जवाब दिया, एक बदमाश ने उन्हें पकड़कर कमरे में ले गया, जबकि दूसरा युवक भी घर में घुस आया और दरवाजा बंद कर दिया। बदमाशों ने महिला के हाथ-पैर और मुंह को कपड़े से बांध दिया और तलवार की नोक पर उनसे सोने के गहने और नकदी की लूट की। इसके बाद उन्होंनें महिला से अन्य सोना और नगदी के बारे में पूछा। जब महिला ने कुछ भी बताने से मना किया तो उन्होंनें आरी जैसी तलवार उसके गले पर रखकर मारने की धमकी देकर कमरे की रखी अन्य अलमारियां भी खुलवा ली और उसमें रखी करीब पौने चार लाख की नगदी और 16 तोले सोने के गहने लूट लिए। लूटपाट के बाद बदमाश महिला को स्टोर में बंद करके फरार हो गए। इसके कुछ समय बाद करीब पौने पांच बजे ज्योति का पति सन्नी अपनी बेटी को स्कूल से लेकर घर आया तो उसने अपनी पत्नी की आवाज स्टोर से सुनी और उसे देखकर दंग रह गया उसने तुरंत अपनी पत्नी को बाहर लाकर खोला और इसकी सूचना सिटी वन पुलिस को दी। इधर सूचना मिलते ही एएसआई भूपेन्द्र सिंह अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और आसपास लगे कैमरों की जांच की तो दो नकाबपोश युवक उनके घर से जाते हुए पाए गए।

# रात्रि कालीन ड्यूटी पर नहीं रहता कोई डॉक्टर, मरीज हो रहे परेशान

- डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की मांग, ग्रामीण धरना देने पर होंगे मजबूर

**जनमार्ग न्यूज।**



**चूनावढ़।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना देने की चेतावनी दी है जानकारी के अनुसार चुनावढ सीएससी में चार डॉक्टरों की बजाय मात्र एक ही डॉक्टर अंकुर धूडिया शुक्रवार को अपनी सेवाएं दे रहे थे जबकि अन्य डॉक्टर हर्षवर्धन रणवा व डा अभिषेक शर्मा एक दिन छोड़कर बारी-बारी से एक ही डॉक्टर सुबह 9 से 3 बजे तक ड्यूटी पर आता है जिससे दो अढ़ाई सौ की ओपीडी के मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है केंद्र में हार्ट विशेषज्ञ डॉक्टर का पद लंबे समय से खाली है उनके स्थान पर किसी अन्य डॉक्टर की नियुक्ति नहीं की गई है यहां पर पांच में चार नर्सिंग स्टाफ दो फर्स्ट व दो सेकंड ग्रेड पद पर कार्यरत हैं एक पद खाली है जबकि फतूही से डेपुटेशन पर मेल नर्स को लगाया गया है यहां पर तीन मेल नर्स है दो परमानेंट हैं एक को डेपुटेशन पर लगाया है जबकि दो फर्स्ट ग्रेट नर्सिंग ऑफिसर के पद खाली है इतना ही नहीं यहां फार्मासिस्ट का पद भी खाली है मोहनपुरा से 15 दिनों के लिए डेपुटेशन पर एक को लगाया गया है ऐसे में अस्पताल की व्यवस्थाएं लड़खड़ा रही हैं शुक्रवार को रोगी मनीराम आठ जी नरेश कुमार करनैल सिंह जोधेवाला मोहनलाल, वीणा किरण विनोद कुमार हरीश कुमार का कहना है कि मात्र एक ही डॉक्टर होने से उन्हें घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इनमें अवकाश जाने से यहां की व्यवस्थाएं बिगड़ जाती हैं यहां 30 बेड वाले अस्पताल में लंबे समय से लेडी डॉक्टर तक नहीं है जिससे डिलीवरी के केसों को अक्सर ही श्रीगंगानगर रेफर किया जाता है जिससे उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ती है इस सीएचसी केंद्र के आसपास लगते दर्जनों ग्राम पंचायतों के लोग यहां इलाज करवाने आते हैं लेकिन यहां की अव्यवस्थाओं को लेकर रोगियों को निराश होकर लौटना पड़ता है ग्रामीणों का कहना है कि यहां रात्रि को कॉल कर ड्यूटी चिकित्सक को गंगानगर से फोन कर बुलाना पड़ता है यहां नेशनल हाईवे रोड होने की वजह से सर्वाधिक सड़क हादसे होते रहते हैं गंभीर रूप से घायलों की जीवन रेखा बचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने 108 एम्बुलेंस गाडी भी दे रखी है लेकिन रात्रि कालीन डॉक्टर नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है हैरानी की बात है कि दस हजार की आबादी वाले चूनावढ गांव में रात्रि को प्राइवेट आरएमपी डॉक्टर तक की सुविधा नहीं है जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्याओं को लेकर समाधान की मांग की है उनका कहना है कि यह व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो वे धरना देने पर मजबूर होंगे।

# बस ने 3 बहनों को मारी टक्कर



**जनमार्ग न्यूज।**

**फाजिल्का।** फाजिल्का में गांव तुर्कावाली के पास एक सड़क हादसे में 3 बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीनों बहनें प्रियंका, पूजा और पूनम स्कूटी पर सवार होकर स्कूल जा रही थीं, तभी रास्ते में किसी बस ने उन्हें टक्कर मार दी। ये हादसा भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे फ्लाईओवर के पास हुआ। हादसे में एक बहन की टांग टूट गई, दूसरी के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि तीसरी को भी चोटें आईं। बस चालक गुरप्रीत सिंह ने घायल बहनों को तुरंत अपनी बस में बैठाकर फाजिल्का के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल बहनों के चाचा सतनाम सिंह और अमरीक सिंह ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं, बस चालक का कहना है कि वह मजदूरों को छोड़ने जा रहा था और फ्लाईओवर के नीचे से गुजरते समय अचानक लड़कियां सामने आ गईं। उसने हॉर्न भी बजाया, लेकिन हादसा नहीं टल सका।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692